नंद के घर आनंद भयो...


मथुरा

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


इस्कॉन मंदिर रायपुर




अयोध्या

रायपुर/नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ समेत देशभर में शुक्रवार को जन्माष्टमी की धूम रही। भगवान कृष्ण के जन्मस्थल मथुरा, वृंदावन से लेकर जगन्नाथ पुरी और द्वारका तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कृष्ण मंदिरों में आरती और भजनों की गूंज सुनाई देती रही। भारी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए देर रात तक मंदिर पहुंचते रहे।

सोने का सच्चा भाव

आनंद का सच्चा भाव

18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹114621/-

22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹139990/-

24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹152813/-

Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें!

ANAND Jewels Pandri, Raipur

पहला भारतीय इमेजिंग सैटेलाइट लॉन्च

श्रीहरिकोटा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गुरुवार देर रात 2:55 बजे ईओएस-05 इमेजिंग



सैटेलाइट को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। इसे श्रीहरिकोटा से जीएसएलवी-एफ17 रॉकेट के जरिए अंतरिक्ष में भेजा गया। ईओएस-05 करीब 36 हजार किलोमीटर की ऊंचाई पर जियोसिंक्रोनस ऑर्बिट में रहकर तस्वीरें लेगा। ऐसा करने वाला भारत का यह पहला सैटेलाइट है। इससे पहले भारत के सभी इमेजिंग सैटेलाइट निचली कक्षा में थे। ईओएस-05 भारत और आसपास के बड़े इलाकों की लगातार तस्वीरें भेज सकेगा।

सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, न्यायिक अधिकारियों की रिटायरमेंट उम्र पर बड़ी राहत

छत्तीसगढ़ सहित 7 राज्यों में 62 साल तक सेवा का रास्ता साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने न्यायिक अधिकारियों को बड़ी राहत दी है। छत्तीसगढ़ सहित 7 राज्यों में अब 60 नहीं, 62 साल की उम्र तक सेवा का रास्ता साफ हो गया है। हालांकि, दो साल की यह अतिरिक्त सेवा अपने आप नहीं मिलेगी। हाईकोर्ट की योग्यता और प्रदर्शन की जांच के बाद ही अधिकारी 62 साल तक पद पर बने रह सकेंगे।

जिला न्यायपालिका के न्यायिक अधिकारियों के लिए सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। 7 राज्यों में उनकी सेवानिवृत्ति की उम्र 60 से बढ़ाकर 62 साल करने का रास्ता साफ हो गया है। छत्तीसगढ़, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, सिक्किम, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल सरकार ने इस प्रस्ताव पर सहमति जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने इन राज्यों को अपने सेवा नियमों में बदलाव करने का निर्देश दिया है।

खास खबर

31 मार्च 2026 के बाद रिटायर अधिकारियों को भी सशर्त विकल्प

रिटायरमेंट उम्र बढ़ाने की वजह

सुप्रीम कोर्ट ने सेवानिवृत्ति की उम्र बढ़ाने के पीछे जिला न्यायपालिका में खाली पड़े पदों को अहम कारण माना है। अदालत ने कहा कि न्यायिक सेवा के लिए विशेष प्रशिक्षण और अनुभव की जरूरत होती है। इसके बावजूद कई राज्यों में भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी स्वीकृत पद पूरी तरह नहीं भर पा रहे हैं।



2026 के बाद रिटायरमेंट पर यह है व्यवस्था

सुप्रीम कोर्ट के आदेश में 31 मार्च 2026 या उसके बाद 60 साल की उम्र में सेवानिवृत्त हुए न्यायिक अधिकारी भी शामिल हैं। उन्हें न्यायिक सेवा में वापस आने का विकल्प मिलेगा।

दूसरे सरकारी कर्मचारियों की मांग वाली दलील

राज्यों की ओर से यह चिंता भी जताई गई थी कि न्यायिक अधिकारियों की सेवानिवृत्ति उम्र बढ़ाने से दूसरे सरकारी कर्मचारी भी इसी तरह की मांग कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इस दलील को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि न्यायिक सेवा का संवैधानिक स्वरूप अलग है।

बाकी राज्यों को दो हफ्ते का समय

सुप्रीम कोर्ट ने बाकी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को अपने रुख पर दोबारा विचार करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया है। उनसे अनुपालन रिपोर्ट भी मांगी गई है। मामले की अगली सुनवाई 1 अक्टूबर को होगी। यह आदेश 1 सितंबर को अखिल भारतीय न्यायाधीश संघ बनाम भारत संघ मामले में तीन सदस्यीय पीठ ने दिया। पीठ में मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना शामिल थे। अदालत ने यह भी ध्यान दिलाया कि न्यायिक अधिकारियों की सेवानिवृत्ति उम्र आखिरी बार 1992 में बढ़ाई गई थी। लगातार रिक्तियों और अनुभवी अधिकारियों की जरूरत को देखते हुए अब इस मुद्दे पर दोबारा फैसला लिया गया है।

जनहित के मुद्दों पर चर्चा

हरिभूमि-आईएनएच का संवाद कार्यक्रम केसीजी जिले में आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

प्रदेश की भाजपा सरकार के ढाई साल पूरे होने के अवसर पर हरिभूमि-आईएनएच जिला स्तर पर जिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। इस आयोजन में कल 5 सितंबर को प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी द्वारा खैरागढ़-छुईखदान- गंडई जिले में किए गए विकास कार्यों एवं आने वाले समय में प्रगति की संभावनाओं के साथ ही जनहित के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में सांसद संतोष पांडेय सहित जिले के विधायक, पूर्व विधायक और भाजपा और कांग्रेस से जुड़े नेताओं के साथ साथ प्रबुद्धजनों की उपस्थिति रहेगी।


डॉ. हिमांशु द्विवेदी


संतोष पांडेय

खैरागढ़ के राजकुमारी इंदिरा सिंह कला संगीत विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में दोपहर तीन बजे से आयोजित कार्यक्रम में जिसमें जनप्रतिनिधि, जिला एवं पुलिस प्रशासन, समाजसेवी, व्यापारी सहित सभी क्षेत्र से लोग शामिल होंगे। जिला संवाद कार्यक्रम में विधायक यशोदा वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, जिला पंचायत सदस्य शताक्षी सिंह, खैरागढ़ जनपद पंचायत अध्यक्ष डा. राजेश्री त्रिपाठी, नगर पालिका खैरागढ़ की अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, गंडई नगर पंचायत लाल टारकेश्वर शाह खुसरो, छुईखदान नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष गिरिराज किशोर दास, भाजपा के जिला अध्यक्ष बिशेसर साहू, कांग्रेस के अध्यक्ष कोमल साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष घम्मन साहू उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में खैरागढ़ राजकुमारी इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय ▶▶शेष पेज 5 पर





AARTI GROUP 'ASHOKA' SINCE 1991 | 36 YEARS TRUST

PROPERTY FEST
अंतिम 2 दिन

ASHOKA PALM MEADOWS
APARTMENTS • PLOTS

आखिरी मौका
आज और कल।

सिर्फ
20%
दीजिए।
और आज ही चाबी लीजिए।
अगले 18 महीने, कोई PAYMENT नहीं।





पहली 100 बुकिंग्स पर लकी ड्रॉ

1st PRIZE EV कार ₹30 लाख
2nd PRIZE EV कार ₹20 लाख
3rd PRIZE EV कार ₹10 लाख
4TH, 5TH, 6TH PRIZE EV टू-व्हीलर

हर बुकिंग पर एक लकी ड्रॉ कूपन



प्रीमियम रेसिडेंसियल प्लॉट्स
1,800 - 5,000 Sq.Ft.

म्युनिसिपल वाटर सप्लाई
24×7 सिक्योरिटी

आज ही निर्माण शुरू कीजिए।

अच्छी बसाहट, अच्छा प्लॉट, अच्छी कम्युनिटी

#BlueBanyan ATUL

WELCOME TO
THE GREEN SIDE OF RAIPUR

Near Kamal Vihar, Dunda, Raipur
CALL 91 94 03 03 03

*नियम व शर्तें लागू।
PCGRERA280525001934
PCGRERA280818000726


GOOGLE LOCATION

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

दृष्टि नहीं दृष्टिकोण चाहिए...

संवाद, तकनीक और कुछ कर गुजरने का हौसला...यही है दृष्टबाधित शिक्षकों की ताकत, जो मानते हैं, ज्ञान का उजियारा फैलाने दृष्टि नहीं, दृष्टिकोण की ज्यादा अहमियत होती है। आंखें खोने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और अपनी उड़ान जारी रखी। इन शिक्षकों की आंखें रोशनी नहीं देख पातीं। इसके बावजूद वे सामान्य स्कूलों में बच्चों को पढ़ा रहे हैं। वे हर दिन साबित कर रहे हैं कि शिक्षक बनने के लिए नजर नहीं, नजरिया जरूरी है। शिक्षक दिवस पर मिलिए ऐसे दृष्टिहीन शिक्षकों से, जिनकी जिंदगी और जज्बा उनके विद्यार्थियों के लिए किसी पाठ से कम नहीं।

शिक्षक दिवस पर
विशेष



किताब को ऑडियो की शक्ल देने 50 से 100 कैसेट

रिकॉर्डिंग सुनकर पढ़ा रहे बच्चों को, उनके संग ही जाते हैं स्कूल

रुचि वर्मा ▶▶| रायपुर

छात्रों को इंग्लिश सिखाने की उनकी शैली ने उन्हें इतना लोकप्रिय बना दिया है कि प्रतिदिन विद्यार्थियों के मध्य इस चीज को लेकर प्रतिस्पर्धा होती है कि उन्हें घर से स्कूल लाने और छोड़ने कौन जाएगा। वे प्रतिदिन छात्रों के साथ ही स्कूल जाते हैं। नंदकुमार बताते हैं कि लैपटॉप और स्मार्टफोन ने चीजों को अब आसान बना दिया है। दृष्टिहीनों के लिए कई तरह के सॉफ्टवेयर आ चुके हैं, जो आसानी से टेक्सट मटेरियल को ऑडियो में कन्वर्ट कर देते हैं, लेकिन पहले चीजें ऐसी नहीं थी। वे लोगों की मदद से पुस्तक को ऑडियो में बदलते थे। एक किताब को ऑडियो में बदलने के लिए 50 से 100 कैसेट तक लग जाते थे। इन्हें टेप रिकॉर्डर में सुनकर पढ़ाई पूरी की। इसी तरह से इंग्लिश सहित इतिहास में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की। शुरुआती वर्षों में छात्रों को इसी विधि से पढ़ाते रहे। अब वे दृष्टिहीनों के लिए विशेष रुप से तैयार किए गए सॉफ्टवेयर की मदद लेते हैं।



लेखन का भी काम है

उन्होंने बताया एक अन्य छात्रा आरएचओ के रुप में सेवा दे रही है। इसे अपने जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि बताने वाले नंदकुमार खाली वक्त में वे लेखन का भी कार्य करते हैं। बेटी आधारित उनकी कविताओं की प्रेरणा उनकी स्वयं की पुत्री स्मृता है। 41 वर्षीय नंदकुमार को बीते 19 वर्षों से सेवा देने के पश्चात भी प्रमोशन नहीं मिलने का मलाल हैं। वे बताते हैं कि उनके सहित अन्य दृष्टिहीन शिक्षक इसके लिए प्रयासरत हैं।

मजदूर के बच्चों को दिलाई छात्रवृत्ति, अब वे हैं अधिकारी

उनके पिता अनुजराम एक किसान हैं। अधिक कमाई नहीं होने के कारण स्वयं की पढ़ाई मुश्किलों से की। दिल्ली यूनिवर्सिटी में जब चयन हुआ तो पढ़ने के लिए अकेले ही गए। अभावों से पुराना परिचय होने के कारण वे अपने छात्रों के लिए सदैव खड़े रहे। तत्कालीन मंत्री मोहम्मद अकबर से संपर्क कर स्कूल के मजदूर परिवार के बच्चों को 50-50 हजार रुपए की छात्रवृत्ति दिलवाई ताकि वे नर्सिंग की पढ़ाई कर सकें। अब वे विद्यार्थी एम्स में कार्यरत हैं।

पाठ को कविता में ढालकर बच्चों को सिखाया

अनूठा है तेजराम का सफर



ओम टुवानी ▶▶| गुरूर

पूर्णतः दृष्टि बाधित शिक्षक तेजराम साहू बीते 21 सालों से शिक्षा का अलख जगा बच्चों को राह दिखा रहे हैं। तेजराम के शौक ने बच्चों को कला के क्षेत्र में भी महारत प्रदान किया है।

दियाबाती निवासी तेजराम साहू (48 साल) 4 साल के थे जब उन्हें टाइफाइड हुआ। फिर वे चेचक की चेपेट में आ गए, लेकिन उनका इलाज सही नहीं हुआ। गलत इलाज के कारण उन्होंने दोनों आंखों की रोशनी गंवा दी। पूर्णतः दृष्टिबाधित होने के बाद भी जीवन में असंभव शब्द उनके शब्दकोष मे नहीं है। 7 भाई बहनों में दूसरे सबसे छोटे तेजराम ने जबलपुर स्थित रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में हिन्दी साहित्य में एमए करने के बाद 17 जून 2005 को बेमेतरा के अति पिछड़े ग्राम मुरमुरा के प्राथमिक शाला में शिक्षाकर्मी के रूप में प्रथम नियुक्ति प्राप्त की। तेजराम साहू कहते हैं- मेरा जीवन गांव में बीता है। जहां शिक्षा का स्तर बहुत नीचे था, इसलिए प्रारंभ से ही शिक्षक बनकर गांवों में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने का निर्णय लिया था, इसलिए शिक्षा के क्षेत्र को चयन किया।

हारमोनियम वादक भी

तेजराम साहू तबला वादन एवं हारमोनियम वादक भी हैं। बच्चों को प्रत्येक शनिवार को संस्कार, स्वास्थ्य, संस्कृति, देशभक्ति जैसे विषयों से जुड़ी जानकारियों को नाटिका के रूप में बच्चों को सिखाते हैं, जिससे वह विषय बच्चों के अंदर व्यवहार में आ जाए। तेजराम मंचों में क्लासिकल गायन, वादन भी करते हैं। उनके श्रेष्ठ कार्यों को देखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने उन्हें राज्य स्तरीय श्रेष्ठ दिव्यांग कर्मचारी के रूप में सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान किया है।

ईशा घर के सदस्यों से सुनकर पाठ याद करती थीं
फिर बच्चों में बांटती थी ज्ञान, अब पढ़ाना थोड़ा आसान

छात्रों को ही बना ली अपनी आंखें



सुरेश कुमार कुर्रे ▶▶| मंदिर हसौद

शिक्षिका ईशा सोनकर राजधानी के पास नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद में शासकीय प्राथमिक शाला इंदिरा कॉलोनी नगर पालिका में पदस्थ हैं। ग्रेजुएशन करते समय उनकी दोनों आंखों की रोशनी चली गई, लेकिन उन्होंने इसे अपनी कमजोरी नहीं समझी और लगन के साथ मेहनत संघर्ष कर 2010 में शिक्षा कर्मी भर्ती परीक्षा क्लियर कर शिक्षिका बनी। आज प्राथमिक शाला मंदिर हसौद में बच्चों को पढ़ाकर बेहद खुश हैं। वे कहती हैं कि अब बच्चे ही उनकी आंखें हैं।

ईशा सोनकर बताती हैं कि 16 साल पहले शिक्षिका के रूप में पदस्थ हुईं। उस समय नेत्रहीन होने के कारण बच्चों को पढ़ पाना चैलेंजिंग था। वे घर के सदस्यों से सुनकर पाठ को याद कर लेती थीं फिर क्लास में पढ़ाती थीं। अब चैप्टर को मोबाइल से प्रिपरेशन कर कक्षा में पढ़ाती हैं। ईशा सोनकर ने पढ़ाई के सफर को लेकर चर्चा करने पर बताया कि ग्रेजुएशन के पहले तक नॉर्मल थी, ग्रेजुएशन के दौरान उसके आंखों की रोशनी चली गई जहां ग्रेजुएशन की परीक्षा अपने हाथों से लिखकर दी , ईशा सोनकर ने बताया कि वे पी एस सी क्लियर का प्रशासनिक सेवा के माध्यम से देश की सेवा करना चाहती थी, लेकिन पीएससी क्लियर ना होने पर उन्होंने शिक्षा विभाग चुन लिया। अब शिक्षिका के रूप में अपना सुखद अनुभव साझा किया।

बच्चे करते हैं मदद



वे बच्चों को अपनी आंखें बताती हैं जो हर वक्त उन्हें कवर करते रहते हैं। चार साल पहले रायपुर की बेटी ईशा की शादी मुंगेली में हुई। अब वह मंदिरहसौद में ही रहती हैं।

28 साल से बच्चों के बीच ज्ञान का दीप जला रहे ईश्वर

छड़ी पकड़कर कक्षा तक पहुंच रहे 'संवाद' से संवार रहे बच्चों का भविष्य



विकास चौबे ▶▶| बिलासपुर

जयरामनगर हायर सेकेंडरी आत्मानंद स्कूल में पदस्थ दृष्टिबाधित व्याख्याता ईश्वर साहू पिछले 28 साल से बच्चों के बीच ज्ञान का प्रकाश फैला रहे हैं। बचपन में ही आंखों की रोशनी चली गई, लेकिन उन्होंने पढ़ाई का दामन नहीं छोड़ा और शिक्षक बनने का संकल्प लिया। आज वे हजारों बच्चों को पढ़ा चुके हैं। शारीरिक चुनौती भी उनके संकल्प के रास्ते में बाधा नहीं बनी। वे रोजाना करीब 2 किमी पैदल चलकर स्कूल पहुंचते हैं। हर सुबह छड़ी के सहारे कक्षा तक पहुंचने वाले ईश्वर बच्चों के हाथों में सिर्फ किताबें नहीं, बल्कि सपने भी थमा रहे हैं।जयरामनगर के लावर ग्रामीण क्षेत्र में जन्मे ईश्वर दोनों आंखों से दृष्टिबाधित हैं। उनका कहना है कि सच्ची दृष्टि आंखों में नहीं, बल्कि मन और लक्ष्य में होती है। दृष्टिबाधित होने के बावजूद वे बच्चों को पढ़ाने के लिए मौखिक संवाद और उपलब्ध तकनीकी संसाधनों का प्रभावी उपयोग करते हैं।

चेचक से चली गई आंखों की रोशनी

ईश्वर बताते हैं कि परिवार और गांव के लोगों से मिली जानकारी के अनुसार, जब वे करीब 3-4 साल के थे, तब उन्हें चेचक हुआ था। इसके बाद उनकी आंखों की रोशनी चली गई। मजदूर माता-पिता ने इलाज कराने की काफी कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। दृष्टिबाधित होने के बाद कुछ समय तक वे गांव में ही घूमते रहे। बाद में पढ़ाई करने और शिक्षक बनने का संकल्प लिया।



राइटर के सहारे दी बोर्ड परीक्षाएं

स्कूल की आंतरिक परीक्षाएं वे ब्रेल लिपि में लिखकर पास कर लेते थे, लेकिन आठवीं, दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में राइटर की मदद लेनी पड़ती थी। वे ब्रेल लिपि की किताबों से तैयारी करते और परीक्षा के दौरान उत्तर बोलते जाते थे, जिसे राइटर लिखता था।

मजदूर माता-पिता ने नहीं आने दी कमी

ईश्वर बताते हैं कि उनके पिता मजदूरी करते थे और परिवार के लिए आर्थिक कठिनाइयां थीं, लेकिन माता-पिता ने उनकी शिक्षा में कोई कमी नहीं आने दी। उनके मन में शिक्षक बनने की इच्छा थी, क्योंकि उनका मानना था कि शिक्षक समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने ब्रेल लिपि के साथ सामान्य पुस्तकों का अध्ययन भी किया।

आदिवासी क्षेत्र में भी निभाई जिम्मेदारी

ईश्वर ने पहली से पांचवीं तक की पढ़ाई बिलासपुर के जूनी लाइन स्थित प्राथमिक स्कूल से की। छठवीं से आठवीं तक रायपुर की अंध-मूक-बधिर शाला में पढ़ाई की। इसके बाद नौवीं से बीए तक की शिक्षा के लिए जबलपुर चले गए। 1998 में उनकी पहली पोस्टिंग गोरेला ब्लॉक के आदिवासी क्षेत्र बस्ती बगरा के स्कूल में हुई। चार साल तक उन्होंने वहीं कमरा लेकर नियमित अध्यापन किया। वर्ष 2004 में उनका स्थानांतरण जयरामनगर स्कूल में हुआ।

सॉफ्टवेयर की मदद से सुनते हैं पाठ्य सामग्री, स्मार्ट बोर्ड की मदद से पढ़ाई

देवीलाल साहू ▶▶| भिलाई

आंखों से दुनिया नहीं देख पाने की कमी को अपने हौसले और जज्बे से मात दी है शासकीय झुग्गीपारा पूर्व माध्यमिक शाला दुर्ग के शिक्षक गजेश घाटोले ने। जन्म से दृष्टिहीन गजेश की अपनी दुनिया भले ही अंधेरे में हो, लेकिन वे प्रतिदिन सैकड़ों विद्यार्थियों के जीवन में ज्ञान का प्रकाश फैला रहे हैं।



46 वर्षीय गजेश घाटोले 2006 से शिक्षा विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वर्तमान में वे विद्यालय में प्रधान पाठक के पद पर कार्यरत हैं। प्रशासनिक जिम्मेदारियों के बावजूद उनका शिक्षक वाला जज्बा आज भी बरकरार है। वे रोज छठवीं, सातवीं और आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को तीन पीरियड पढ़ाते हैं। विद्यार्थियों के बीच उनकी पहचान एक ऐसे शिक्षक की है, जो कठिन से कठिन विषय को भी सरल ढंग से समझाने का प्रयास करते हैं।

तीन विषयों में पीजी

शिक्षक गजेश बताते हैं कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा ब्रेल लिपि के माध्यम से हुई। स्कूल के दिनों में परिवार ने हर कदम पर उनका साथ दिया। दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में सहलेखक की मदद से उन्होंने सफलता प्राप्त की। उच्च शिक्षा के दौरान भी उन्होंने संघर्ष जारी रखा और हिन्दी, लोक प्रशासन तथा तबला विषय में स्नातकोत्तर उपाधि हासिल की। शिक्षा के प्रति उनकी लगन का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने कभी अपनी दृष्टिबाधिता को आगे बढ़ने की राह में रुकावट नहीं बनने दिया। दसवीं कक्षा तक वे घर से बाहर बहुत कम निकलते थे, लेकिन बाद में दुर्ग, रायपुर और दिल्ली में दृष्टिबाधितों के लिए काम करने वाले संगठनों से जुड़े।

दृष्टिबाधिता के बावजूद बने डिजिटल प्रशिक्षक, विद्यार्थियों की संवार रहे जिंदगी

उमेश सिंह बरिस्ट ▶▶| धमतरी

शिक्षक दिवस पर हम आपका परिचय ऐसे दिव्यांग गुरु से करवा रहे हैं, जिन्होंने जन्मजात दृष्टिबाधिता को अपनी कमजोरी नहीं, बल्कि अपनी ताकत बनाई। खुद दृष्टिबाधिता की चुनौतियों से गुजरते हुए दिव्यांग बच्चों और युवाओं के लिए प्रेरणा बने हैं।



धमतरी जिले के हसदा गांव से अपनी शिक्षा की शुरुआत करने वाले अरविंद शर्मा ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद सीखने की ललक को कायम रखा। उन्होंने नवी मुंबई से सेल्फ इंडिपेंडेस कोर्स तथा मुंबई से एमएससीआईटी का प्रशिक्षण प्राप्त किया। आधुनिक तकनीक का ज्ञान हासिल करने के बाद उन्होंने इसे दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण का माध्यम बनाने का संकल्प लिया। वर्तमान में अरविंद शर्मा दिव्यांग आवासीय प्रशिक्षण केंद्र कचांदूर में दिव्यांग बच्चों को शिक्षा, कंप्यूटर, डिजिटल साक्षरता और सहायक तकनीक का प्रशिक्षण दे रहे हैं। वे धमतरी से कचांदूर तक प्रतिदिन बस से आना-जाना करते हैं।

तकनीक को बनाया माध्यम

श्री शर्मा का मानना है कि डिजिटल युग में तकनीक दिव्यांगजनों के लिए केवल सुविधा नहीं, बल्कि शिक्षा, रोजगार, सूचना, संचार और आत्मनिर्भरता का महत्वपूर्ण माध्यम है। समावेशी शिक्षा के क्षेत्र में भी उनका उल्लेखनीय योगदान है। उन्होंने 4 हजार से अधिक शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया है। वे दृष्टिबाधित व्यक्तियों के मास्टर ट्रेनर और डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षक के रूप में भी कार्य कर चुके हैं।

दो बार मिला बेस्ट एम्प्लॉय पुरस्कार

दिव्यांगजनों के लिए किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए अरविंद शर्मा को 2016 और 2021 में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बेस्ट एम्प्लॉय पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। 2026 में उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य दिव्यांग सलाहकार बोर्ड में सदस्य की जिम्मेदारी मिली।

चेचक ने छीनी आंखों की रोशनी, टूटा, पर बिखरा नहीं

शैलेन्द्र पाण्डेय ▶▶| जगदलपुर

उम्र महज 8-9 साल थी। चेचक की बीमारी ने दोनों आंखों की रोशनी छीन ली। अचानक दुनिया अंधेरे में डूब गई। पिता ने बेटे की आंखों की रोशनी लौटाने के लिए इलाज कराया, जगह-जगह दिखाया और ऑपरेशन तक कराया, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था।

रोशनी वापस नहीं आई। इसके बाद भी पिता ने बेटे को परिस्थितियों के आगे झुकने नहीं दिया। उनकी डांट और अनुशासन ही आगे चलकर इतवारी लाल नाग के लिए आत्मनिर्भर बनने की सबसे बड़ी प्रेरणा बनी,नारायणपुर जिले के ग्राम कुलेगा निवासी इतवारी लाल नाग आज दृष्टिबाधित होने के बावजूद अपनी जिंदगी पूरी आत्मनिर्भरता के साथ जी रहे हैं। वे शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में दैनिक वेतन पर शिक्षक के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। उन्हें वर्तमान में 15 हजार प्रतिमाह मानदेय मिलता है। इतवारीलाल स्कूल में सभी विषय पढ़ाते हैं।



खुद करते हैं पूरा काम

वे मानते हैं कि यदि बचपन में पिता उन्हें हर काम में सहारा देते रहते तो शायद वे आज इतने आत्मनिर्भर नहीं बन पाते। आज वे अपना सब काम खुद करते हैं। बाजार जाकर सामान खरीद सकते हैं, खाना बना सकते हैं, बर्तन धो सकते हैं । स्कूल की छुट्टी होने के बाद वे अकेले ही स्कूल से अपने घर चले जाते हैं। चेचक के कारण आंखों की रोशनी चली गई, लेकिन लाल के हौसले की रोशनी कभी नहीं बुझी।

परिणीता ने कमजोर आदिवासी बच्चों को बनाया हर विधा में सशक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, नवाचार और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित प्रयासों की बदौलत सुकमा जिले के कुड़मेलपारा की शिक्षिका एवं प्रधानपाठक श्रीमती परिणीता कश्यप को शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। श्रीमती परिणीता कश्यप पिछले कई वर्षों से विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उनके नेतृत्व में विद्यालय में बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पढ़ाई को रुचिकर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाता है। विद्यालय परिसर को आकर्षक बनाने के लिए बच्चों की सहभागिता से पेंटिंग, चित्रकला, टीएलएम निर्माण, कबाड़ से जुगाड़ तथा अन्य रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा दिया गया है। ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्र में सीमित संसाधनों के बीच बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए श्रीमती कश्यप का समर्पण प्रेरणादायी है।

पूर्व में भी मिल चुके हैं अनेक सम्मान

श्रीमती परिणीता कश्यप की शिक्षा के क्षेत्र में सक्रियता और उत्कृष्ट कार्यों को समय-समय पर विभिन्न मंचों पर सराहा गया है। वर्ष 2012 से 2024 तक उन्हें शिक्षा, नवाचार, उत्कृष्ट सेवा, सहयोगात्मक कार्य तथा विद्यालय विकास से जुड़े विभिन्न कार्यों के लिए जिला एवं राज्य स्तर पर अनेक पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्राप्त हो चुके हैं।

नहीं था दृष्टिबाधितों के लिए स्कूल पढ़ने के लिए गईं दूसरे शहर

यशवंत साहू ▶▶| धमतरी

शिक्षक दिवस

बचपन से आंखों की रोशनी नहीं होने के बावजूद चित्ररेखा ने परिस्थितियों के आगे हार नहीं मानी। पढ़ाई के जुनून और परिवार के सहयोग से उन्होंने एमए तक शिक्षा हासिल की और अब सरकारी शिक्षिका बनकर बच्चों का भविष्य संवार रही हैं। कोलियारी के प्राथमिक स्कूल में पदस्थ चित्ररेखा अपने पढ़ाने के हुनर से विद्यार्थियों के बीच लोकप्रिय हैं। उनकी संघर्ष की कहानी दृष्टिहीनों सहित समाज के लिए प्रेरणा बनी हुई है।



प्रारंभिक शिक्षा के बाद चित्ररेखा ने 2006 में एमडीए स्कूल टाटीबंध रायपुर से 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की। सामान्य बच्चों के बीच पढ़ाई करते हुए उन्होंने 61 प्रतिशत अंक हासिल किए। इसके बाद उन्होंने धमतरी पीजी कॉलेज से इतिहास विषय में एमए की पढ़ाई पूरी की।

अध्यापन सहित आत्मनिर्भरता की मिसाल

चित्ररेखा का जन्म एक सामान्य परिवार में हुआ। बचपन से दृष्टिहीन होने के कारण उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। कई बार परिस्थितियां निराश करने वाली रहीं, लेकिन पढ़-लिखकर अपने पैरों पर खड़े होने का जुनून उनके भीतर हमेशा बना रहा। उनकी पढ़ाई के प्रति रुचि को देखते हुए पिता रमेश कुमार एवं मां गोदावरी बाई ने उन्हें आगे बढ़ाने का फैसला लिया।

दुर्लभ आनुवंशिक बीमारी ने छीनी रोशनी तकनीक के सहारे पढ़ाते हैं अंग्रेजी

महेन्द्र विश्वकर्मा ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के अंग्रेजी हाईस्कूल बाबूसेमरा में पदस्थ अंग्रेजी विषय के लेक्चरर टीएसएस प्रकाश ने आंखों की रोशनी पूरी तरह गंवाने के बावजूद कभी परिस्थितियों के आगे घुटने नहीं टेके। बीते दो दशकों से वे सामान्य बच्चों के बीच शिक्षक बनकर उनके भविष्य को संवारने में जुटे हैं। उन्होंने अपने कड़े संघर्ष और दृढ़ संकल्प से न केवल शिक्षक बनने का अपना सपना पूरा किया, बल्कि आज वे बच्चों का भविष्य भी संवार रहे हैं। बस्तर जैसे क्षेत्र से निकलकर उन्होंने साबित किया कि प्रतिभा और हौसला किसी खास परिस्थिति के मोहताज नहीं होते। टीएसएस प्रकाश बचपन में अन्य सामान्य बच्चों की तरह ही थे। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा जगदलपुर में पूरी करने के बाद शहर के पीजी कॉलेज में बीएससी में दाखिला लिया। पढ़ाई के दौरान वर्ष 1998 में एक हादसे के बाद उन्हें पता चला कि वे रेटिनाइटिस पिगमेंटोसा नामक दुर्लभ आनुवंशिक बीमारी से पीड़ित हैं। बीमारी के कारण धीरे-धीरे उनकी आंखों की रोशनी कम होती गई और आखिरकार वे पूर्णतः दृष्टिबाधित हो गए।



म्यूजिक, थिएटर क्रिएटिव राइटिंग का भी ज्ञान

जिंदगी में आए इस बड़े बदलाव के बावजूद प्रकाश ने हार नहीं मानी। अटूट इच्छाशक्ति और आत्मविश्वास के बल पर उन्होंने स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद बीएड की डिग्री हासिल कर शिक्षण क्षेत्र को अपना कर्मक्षेत्र बनाया। 2006 में शिक्षक के रूप में चयन होने के बाद से वे अंग्रेजी हाईस्कूल बाबूसेमरा में लगातार अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

खबर संक्षेप

इंडिगो का विमान 'पार्किंग' के दौरान पोल से टकराया

श्रीनगर। नवी मुंबई से श्रीनगर पहुंची इंडिगो की एक उड़ान 6ई 225 (वीटी-एनओजी) शुक्रवार सुबह 9:02 बजे श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लैंडिंग के बाद एक हादसे का शिकार होने से बच गई। पार्किंग के दौरान विमान विजुअल डॉकिंग गाइडेंस सिस्टम (वीडीजीएस) के पोल के संपर्क में आ गया। राहत की बात यह रही कि दुर्घटना में विमान में सवार सभी यात्री और चालक दल के सदस्य पूरी तरह सुरक्षित हैं। घटना के तुरंत बाद मैनुअल सीढ़ियों की मदद से सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।



अरुणाचल में एसआईआर सुनवाई के दौरान हिंसा

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग जिले के बोरदुमसा में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की सुनवाई के दौरान हिंसा भड़कने के बाद इलाके में तनाव फैल गया। स्थानीय प्रशासन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी। बोरदुमसा के अतिरिक्त उपायुक्त सबदम तायंग ने बताया कि बिजयपुर के लिए दावा और आपत्ति निपटाने संबंधी सुनवाई के दौरान ऑल अरुणाचल प्रदेश स्टूडेंट्स यूनियन के बैनर तले प्रदर्शन कर रहे लोगों के एक समूह ने 2006 के बाद मतदाता सूची में शामिल चकमा और हाजोंग समुदाय के मतदाताओं के नाम हटाने की मांग कर रहे थे।

चमोली में भालू के हमले में महिला की मौत

गोपेश्वर। उत्तराखंड के चमोली जिले में शुक्रवार को भालू के हमले के दौरान बचने के प्रयास में गहरी खाई में गिरने से एक महिला की मृत्यु हो गई जबकि एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। हादसा सुबह पोखरी तहसील के सुदूरवर्ती गांव सिदेली गांव से महज 100 मीटर की दूरी पर हुआ जहां पशुओं के लिए चारा लेने जंगल गयी महिलाओं पर अचानक भालू ने हमला कर दिया। उससे बचने के प्रयास में दोनों महिलाएं चट्टान से कई सौ फुट नीचे जा गिरी। हादसे की खबर मिलते ही ग्रामीण उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां चिकित्सकों ने विमला देवी (55) को मृत घोषित कर दिया।

कई जगह पर लो प्रेशर एरिया की वजह से हो रही है झमाझम बारिश

दिल्ली, राजस्थान, मप्र में रेड अलर्ट, 12 राज्यों में भारी बारिश, 72 की स्पीड से चलेगी हवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

यूपी में आंधी-बारिश, तूफान की संभावना

मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भी कल बारिश की संभावना जताई है। आईएमडी के अनुसार, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कल काफी व्यापक बारिश के साथ आंधी-तूफान और बिजली गिरने की संभावना है। कुछ स्थानों पर भारी बारिश भी हो सकती है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम लगभग शुष्क रहेगा और केवल कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की उम्मीद है।

देश में तूफानी मानसून के बीच मौसम विभाग ने एक और मुश्किल भरा अलर्ट जारी कर दिया है। मौसम विभाग ने आज यानी 5 सितंबर को दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश में रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं यूपी, दिल्ली, बिहार उत्तराखंड समेत 12 राज्यों के लिए भारी बारिश -आंधी की चेतावनी जारी कर दी है। इस दौरान 72 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार तक की तेज आंधी चल सकती है। इस समय कई राज्यों में मॉनसून एक्टिव है, तो कई जगह पर लो प्रेशर एरिया की वजह से झमाझम बारिश हो रही है। दिल्ली, पंजाब, राजस्थान से लेकर यूपी, बिहार और बंगाल तक भारी बारिश जारी है। फिलहाल में एक लो प्रेशर एरिया का क्षेत्र उत्तरी मध्य प्रदेश और दक्षिणी उत्तर प्रदेश के ऊपर बना हुआ है जिस कारण भारी बारिश की संभावना है।

मध्य प्रदेश में बारिश का अलर्ट

पश्चिमी मध्य प्रदेश में भी आज मॉनसून पूरी तरह से सक्रिय रहेगा। यहां काफी ज्यादा से लेकर व्यापक बारिश का अनुमान है। इस दौरान तेज हवाओं के साथ आंधी-तूफान और बिजली गिरने की भी संभावना है। कुछ इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। बारिश के अलर्ट के बीच सरकार ने सभी जिलों के कलेक्टरों को अलर्ट रहने को कहा है।

उत्तराखंड में भारी बारिश

उत्तराखंड में आज काफी व्यापक बारिश होने की संभावना है, जिसके साथ आंधी-तूफान और बिजली गिरने की भी चेतावनी है। मौसम विभाग ने राज्य के कुछ हिस्सों में भारी बारिश की संभावना जताई है, जिससे पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन का खतरा बढ़ सकता है।



हिमाचल प्रदेश में येलो अलर्ट

हिमाचल प्रदेश में भी आज काफी व्यापक बारिश का पूर्वानुमान है। बारिश के साथ आंधी-तूफान और बिजली गिरने की घटनाएं हो सकती हैं। राज्य के कुछ अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। हिमाचल में बारिश के कारण कुल 102 सड़कें बंद हो गई हैं। इस बीच शिमला मौसम विज्ञान केंद्र ने शनिवार के लिए राज्य के कुछ हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी देते हुए येलो अलर्ट जारी किया है।

छत्तीसगढ़ सहित राज्यों में भी बारिश का अलर्ट

बहुत भारी बारिश: पूर्वी राजस्थान, पश्चिमी मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश।

मध्यम बारिश वाले राज्य: दिल्ली-एनसीआर, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा, गोवा, पश्चिम बंगाल और सिक्किम।

दिल्ली राजस्थान में बारिश का रेड अलर्ट

दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में दोपहर में भारी बारिश हुई जिससे वहां का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। मौसम विभाग ने आज भी दिल्ली-एनसीआर में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही आंधी-तूफान और बिजली कड़कने की भी चेतावनी दी है। राजस्थान में भी कई इलाकों में पिछले 24 घंटे में भारी बारिश हुई है। आज भी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने बताया कि कल दक्षिण-पूर्वी राजस्थान के कुछ हिस्सों सहित कोटा संभाग में कुछ स्थानों पर भारी से अति भारी बारिश होने की संभावना है।

बीएलए के दो हमलों में मारे गए 25 पाकिस्तानी सैनिक, हथियार भी लूटे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान के बलूचिस्तान में बीएलए द्वारा किए गए पाकिस्तानी सेना और सुरक्षा बलों के खिलाफ दो अलग-अलग हमलों में 25 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए वहीं बीएलए के सदस्यों ने पाक सेना के हथियार भी लूट लिए। बलोच लिबरेशन आर्मी यानी बीएलए ने बड़ा दावा किया है। बीएलए के मुताबिक, पहला हमला जियारत क्रॉस के पास पाकिस्तानी सेना के एक काफिले को निशाना बनाकर किया गया। संगठन ने दावा किया कि उसके लड़ाकों ने काफिले की दो गाड़ियों को नष्ट कर दिया और इस हमले में 18 सुरक्षाकर्मी मारे गए। बीएलए का कहना है कि पांच घायल जवान वहां से भागने में कामयाब रहे, जबकि हमलावरों ने हथियार भी अपने कब्जे में ले लिए।



पाक ने नहीं की सैनिकों के मारे जाने की पुष्टि

इन हमलों में 25 पाकिस्तानी सुरक्षाकर्मियों के मारे जाने के बीएलए के दावे की फिलहाल पाकिस्तानी अधिकारियों या किसी स्वतंत्र स्रोत से पुष्टि नहीं हुई है। बीएलए इससे पहले भी पाकिस्तानी सेना और सुरक्षा बलों पर किए गए हमलों में बड़ी संख्या में जवानों के मारे जाने का दावा करता रहा है।

बलोचिस्तान में लगातार बढ़ रही हिंसा

बलोचिस्तान में अलगाववादी संगठन बीएलए लंबे समय से पाकिस्तानी सेना और सुरक्षा बलों के खिलाफ सशस्त्र अभियान चला रहा है। अगस्त 2026 में भी बीएलए ने 9 से 15 अगस्त के बीच आठ दिनों में 22 समन्वित हमले करने का दावा किया था।

हाजीका इलाके में किया दूसरा हमला

संगठन ने दूसरे हमले का दावा सुराब के हाजीका इलाके में किया। बीएलए के मुताबिक, यहां उसके एसटीओएस ने रिमोट कंट्रोल से संचालित वाहन में विस्फोट किया। इस हमले में सात सुरक्षाकर्मियों के मारे जाने का दावा किया गया है। बीएलए ने जियारत क्रॉस पर हुए हमले में अपने फतेह स्क्वाड के शामिल होने की बात कही है। संगठन ने दोनों हमलों की जिम्मेदारी भी ली है।

आरजी कर रेप पीड़िता का जल्दी अंतिम संस्कार कराने वाला टीएमसी नेता गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

उत्तर 24 परगना में खड़दह पुलिस स्टेशन से बैरकपुर सब-डिविजन कोर्ट ले जाते समय पानीहाटी नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन सोमनाथ डे को निशाना बनाकर अंडे फेंके गए। इस दौरान स्थानीय लोगों और बीजेपी कार्यकर्ताओं ने 'चोर' के नारे लगाए.। सोमनाथ डे को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया गया था और आज तड़के उन्हें कोलकाता लाया गया। डे उस समय टीएमसी पार्षद थे और आरजी कर रेप और मर्डर केस में कथित संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किए गए हैं। आरोप है कि उन्होंने पानीहाटी नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन निर्मल घोष के साथ मिलकर आरजी कर पीड़िता के शव का जल्दबाजी में अंतिम संस्कार कराया था।

खास बातें

- भीड़ ने फेंके अंडे, लगे चोर- चोर के नारे
- सोमनाथ डे को कोर्ट ले जाते समय हुआ भारी बवाल

दो शवों के पहले कराया था पीड़िता का अंतिम संस्कार

पुलिस के मुताबिक, शव को खड़दह पुलिस स्टेशन के तहत उत्तर 24 परगना के पानीहाटी स्थित श्मशान घाट ले जाकर जल्दबाजी में अंतिम संस्कार किया गया। आरोप है कि कतार में पहले से मौजूद दो शवों को पीछे करके पीड़िता के शव का अंतिम संस्कार कराया गया। जांच में अंतिम संस्कार से जुड़े दस्तावेजों पर किए गए हस्ताक्षरों पर भी सवाल उठे हैं। परिवार का कहना है कि ये हस्ताक्षर पीड़िता के माता-पिता या करीबी रिश्तेदारों के नहीं थे।

केस के बाद से बेंगलुरु में छुपा था सोमनाथ

सोमनाथ को गुरुवार को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया गया. पुलिस के मुताबिक, जब से अंतिम संस्कार से जुड़े मामले की जांच शुरू हुई थी, तब से डे फरार था। बैरकपुर पुलिस कमिश्नरेट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सोमनाथ डे को गुरुवार तड़के बेंगलुरु से गिरफ्तार किया गया। फिलहाल वह पुलिस हिरासत में हैं। अभियोजन पक्ष पूछताछ के लिए उनकी पुलिस हिरासत की मांग कर सकता है.

ये लोग हो चुके हैं गिरफ्तार

इस मामले में सोमनाथ डे तीसरे आरोपी हैं, जिन्हें गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले पानीहाटी के पूर्व टीएमसी विधायक निर्मल घोष और पीड़िता के परिवार के पड़ोसी संजीव मुखर्जी को कथित साजिश के मामले में गिरफ्तार किया गया था। दोनों को बाद में जमानत मिल गई। पुलिस ने इस मामले में तीन को मुख्य आरोपी बताया था।

कपड़ा मंत्री गिरिराज से मिले छग के सीएम साय

छत्तीसगढ़िया वस्त्र उद्योग को बढ़ाने हुआ विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केंद्रीय वस्त्र मंत्री श्री गिरिराज सिंह से मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच छत्तीसगढ़ में टेक्सटाइल उद्योग के विस्तार और इससे रोजगार के अवसर बढ़ाने को लेकर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने राज्य में कोसा सहित हथकरघा और पारंपरिक वस्त्रों की समृद्ध विरासत का उल्लेख करते हुए इनके उत्पादन और बाजार को बढ़ाने के विषय पर केंद्रीय मंत्री से चर्चा की। साथ ही छोटे और स्थानीय उद्योगों को टेक्सटाइल क्षेत्र से जोड़ने, निवेश को बढ़ावा देने और कारीगरों व युवाओं के लिए रोजगार के अवसर तैयार करने से जुड़े विषय भी चर्चा में रहे। मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ में टेक्सटाइल क्षेत्र में निवेश और उद्योगों के विस्तार की संभावनाओं को आगे बढ़ाने के लिए केंद्र और राज्य के बीच बेहतर समन्वय के विषय पर भी चर्चा हुई।

ब्रिक्स समिट : भारत आ रहे विदेशी राष्ट्राध्यक्ष पांच स्तरीय तकनीकी 'सुरक्षा कवच' में रहेंगे

जमीन से आसमान तक कड़ा पहरा, परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत इस वर्ष 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता और मेजबानी करेगा। 11 से 13 सितंबर तक आयोजित होने वाले शिखर समिट का मुख्य आयोजन भारत मंडपम में होगा, जहां कई द्विपक्षीय बैठकें भी आयोजित की जाएंगी। राजधानी में होने जा रहे ब्रिक्स समिट के दौरान सुरक्षा इतनी टाइट रहेगी कि परिंदा भी पर नहीं मार सकेगा। इसके लिए दिल्ली पुलिस समेत सभी सुरक्षा एजेंसियां मुस्तैद हैं। समिट में हिस्सा लेने भारत आ रहे विदेशी राष्ट्राध्यक्ष पांच स्तरीय तकनीकी 'सुरक्षा कवच' में रहेंगे। दिल्ली पुलिस द्वारा ब्रिक्स समिट से पहले काफिले की रिहर्सल की गई। दिल्ली में आयोजित होने वाले ब्रिक्स सम्मेलन को लेकर राजधानी की सुरक्षा को अभेद्य बनाया जा रहा है। इसके लिए सुरक्षा एजेंसियों ने सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं।

ब्रिक्स समिट के लिए दिल्ली में बनेगा 5 स्तरीय अभेद्य तकनीकी सुरक्षा घेरा



यूएन चीफ भी ले सकते हैं ब्रिक्स समिट में हिस्सा

इस वर्ष ब्रिक्स का विषय 'लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण' है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस शिखर सम्मेलन में ब्रिक्स के सदस्य और साझेदार देशों के नेताओं के साथ-साथ आमंत्रित देशों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस भी ब्रिक्स समिट में हिस्सा लेने के भारत आ सकते हैं।

ऐसी रहेगी सुरक्षा ब्यवस्था

- **थ्रीडी हवाई सुरक्षा :** भारत मंडपम और पूरे लुटियंस जोन में एंटी-ड्रोन सिस्टम, रडार और इलेक्ट्रॉनिक जैमर्स तैनात रहेंगे। ये कई किलोमीटर दूर से अनधिकृत ड्रोन की पहचान कर उसके सिग्नल को निष्क्रिय कर सकेंगे।
- **वीआईपी काफिले की जीपीएस ट्रैकिंग :** विदेशी मेहमानों और राष्ट्राध्यक्षों के काफिले के सुरक्षा वाहनों में रीयल-टाइम जीपीएस लगाया गया है। कंट्रोल रूम से वाहनों की लोकेशन, रफ्तार और रूट पर नजर रखी जाएगी।
- **सीबीआरएन सुरक्षा कवच :** रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल और परमाणु खतरों से निपटने के लिए एनडीआरएफ और सेना की विशेष टीमें हैजमैट वाहनों व अत्याधुनिक उपकरणों के साथ तैनात रहेंगी।
- **एआई से 24 घंटे निगरानी :** एयरपोर्ट, होटल, आयोजन स्थल और पूरे रूट पर हजारों हाई-डेफिनिशन कैमरे लगाए गए हैं। एआई कैमरे संदिग्ध गतिविधि, भीड़ और लावारिस वस्तुओं की पहचान कर तुरंत अलर्ट देंगे।
- **बायोमीट्रिक-फेशियल रिकग्निशन :** आयोजन स्थल के सभी प्रवेश द्वारों पर चेहरा पहचानने और बायोमीट्रिक सिस्टम लगाए गए हैं। केवल पहले से सत्यापित अधिकारियों, स्टाफ और अधिकृत लोगों को ही प्रवेश मिलेगा।

नाइजीरिया में हादसा

जहाज से तेल चुराने में गई 37 की जान, कई लापता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नाइजीरिया के तेल समृद्ध राज्य 'रिवर्स' में एक बड़ा हादसा सामने आया है, जहां कच्चा तेल चुराने की कोशिश कर रहे कम से कम 37 लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि तेल निकालते समय जहरीली गैस निकलने लगी, जो सांस के जरिए अंदर गई और लोगों की जान चली गई। हादसे के बाद कई लोग अभी भी लापता हैं। आशंका है कि कुछ लोग जहरीले धुएं की चपेट में आने के बाद पानी में गिर गए या घटनास्थल से बाहर नहीं निकल सके। पर्यावरण से जुड़े संगठन यूथ्स एंड एनवायरनमेंटल एडवोकेसी सेंटर ने शुक्रवार को हादसे की जानकारी दी।

नाइजर डेल्टा में आम है तेल चोरी

बता दें कि नाइजीरिया के नाइजर डेल्टा क्षेत्र में तेल चोरी की घटनाएं लंबे समय से सामने आती रही हैं। यह इलाका देश के सबसे प्रमुख तेल उत्पादक क्षेत्रों में शामिल है। पाइपलाइनों में अवैध छेद कर तेल निकालना और उसे छोटी नावों या दूसरे साधनों के जरिए ले जाना यहां आम है। नाइजीरिया अफ्रीका का सबसे बड़ा तेल उत्पादक देश है, लेकिन तेल संसाधनों की प्रचुरता के बावजूद नाइजर डेल्टा में बड़ी आबादी गरीबी और बेरोजगारी से जूझती है।

रायपुर
शनिवार 5 सितंबर 2026
भाद्रपद कृष्ण पक्ष नवमी
वर्ष : 25, अंक : 46
पृष्ठ : 12+8 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 31.2
न्यून. 23.6

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

शिक्षक दिवस
काउंटडाउन-5 सितंबर



पाठक सूचना
हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का सामान्य कूपन
कल के अंक में देखें।



कंकड़-पत्थर बने गणित की किताब, खेल-खेल में बच्चों को सिखा रहीं ओमकुमारी

सीड बॉल बनाकर बच्चों में जगा रहीं प्रकृति प्रेम और पर्यावरण संरक्षण की भावना, नवाचार के लिए राज्यपाल करेंगे सम्मानित

स्वतंत्र महंत ▶▶| रायगढ़

किताब-कॉपी और ब्लैकबोर्ड की पारंपरिक पढ़ाई से अलग पुसौर ब्लॉक के सेमरा प्राइमरी स्कूल की शिक्षिका ओमकुमारी पटेल बच्चों को प्रकृति की गोद में गणित का ज्ञान दे रही हैं। उनके नवाचार में कंकड़-पत्थर बच्चों के लिए गणित की किताब बन गए हैं। बच्चे इन्हीं कंकड़-पत्थरों को गिनकर जोड़-घटाव और अन्य गणितीय अवधारणाओं को आसानी से समझ रहे हैं।

ओमकुमारी का प्रयोग केवल गणित सिखाने तक सीमित नहीं है। वे बच्चों को प्रकृति से जोड़ने और उनके भीतर पर्यावरण संरक्षण की भावना विकसित करने के लिए भी अलग-अलग गतिविधियां कराती हैं। स्कूल में सीड बॉल तैयार करने की गतिविधि इसका प्रमुख हिस्सा है। इसके माध्यम से बच्चों को बीज, पौधों, ▶▶|शेष पेज 5 पर



लूडो से जोड़-घटाव का अभ्यास

ओमकुमारी ने बच्चों को खेल-खेल में गणित सिखाने के लिए लूडो को भी सीखने का माध्यम बनाया है। पासे पर आए अंकों और गोटियों की चाल के आधार पर बच्चे संख्याओं को जोड़ते और घटाते हैं। इससे गणित उनके लिए बोझिल विषय न रहकर खेल और मनोरंजन का हिस्सा बन जाता है। परिणामस्वरूप बच्चों की गणित के प्रति रुचि बढ़ रही है और वे बिना किसी दबाव के संख्यात्मक प्रक्रियाओं को समझ रहे हैं।

एक-एक कंकड़ से मिलती है सीख

राज्यपाल पुरस्कार के लिए नामित ओमकुमारी पटेल बताती हैं कि गणित को सरल और रोचक बनाने के लिए बच्चों को कंकड़-पत्थरों के माध्यम से जोड़ने और घटाने की संक्रियाएं सिखाई जाती हैं। बच्चे वस्तुओं को गिनकर, उनके समूह बनाकर और उनमें से कुछ वस्तुएं हटाकर जोड़-घटाव की अवधारणा समझते हैं। इस तरह आसपास उपलब्ध सामान्य वस्तुएं ही बच्चों के लिए सीखने का प्रभावी माध्यम बन जाती हैं।









सुकमा की शिक्षिकाओं को नवाचार और रचनात्मकता ने दिलाई पहचान

लीलाधर राठी ▶▶| सुकमा

सुकमा जिले की शासकीय प्राथमिक शाला रामाराम की प्रधान पाठक श्रीमती सावित्रा उसेंडी व कुड़मेलपारा की श्रीमती परिणीता कश्यप को उनके उत्कृष्ट शिक्षण कार्य, नवाचार और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिष्ठित राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। श्रीमती सावित्रा उसेंडी ने शिक्षा के क्षेत्र में अपने समर्पण और नवाचार से अलग पहचान बनाई है। 2 जून 2006 से शिक्षकीय सेवा की शुरुआत करने वाली



सावित्रा उसेंडी ने पारंपरिक तरीके से पढ़ाने के बजाय खेल-खेल में शिक्षा, गतिविधि आधारित शिक्षण और बच्चों की रुचि के अनुसार पढ़ाई को ▶▶|शेष पेज 5 पर

अनेक पुरस्कारों से हो चुकी हैं सम्मानित

सावित्रा उसेंडी के शिक्षा क्षेत्र में किए गए कार्यों को इससे पहले भी विभिन्न मंचों पर सम्मान मिल चुका है। उन्हें जिला शिक्षा दूत पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा कोविड-19 के दौरान शैक्षणिक गतिविधियों में योगदान के लिए भी प्रशस्ति मिली। वर्ष 2023 में उन्हें राज्य स्तरीय शिक्षकीय गतिविधियों एवं विभिन्न शैक्षणिक नवाचारों के लिए सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित शैक्षणिक गतिविधियों में भी उनके कार्यों को पहचान मिली है।

शिक्षा के लिए 19 साल से रोजाना 6 किलोमीटर पहाड़ी रास्ते का पैदल सफर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर ईरादाह गांव के रहने वाले शिक्षक अरविंद कुरेटी रोजाना 6 किलोमीटर पहाड़ी रास्ते का सफर पैदल तय करते है ताकि पहाड़ी में बसे एक गांव के मासूमों को शिक्षा मिल सके और उनका भविष्य संवर सके। दरअसल, मुख्यालय से 18 किलोमीटर दूर ▶▶|शेष पेज 5 पर



पोस्टिंग से मलाल नहीं

अरविंद बताते हैं कि 19 साल हो गए है लेकिन उन्हें इस दुर्गम इलाके में पोस्टिंग का कोई मलाल नहीं है वो खुश है कि वो दुर्गम इलाके के बच्चों का भविष्य संवारने में जुटे है, अरविंद के पढ़ाये कई छात्र आज स्कूल से पास होकर कॉलेज में अध्ययनरत है और अपना भविष्य संवारने में जुटे हैं।



सीजेपी के दबाव के बाद पुलिस ने लिया एक्शन! बुलंद शहर से पकड़ा आरोपी को

कॉकरोच का प्रेशर, मारपीट करने वाला इन्फ्लुएंसर स्वतंत्र आखिरकार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के दिल्ली थाने में 3 घंटे धरने के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान हुई मारपीट मामले में आरोपी स्वतंत्र भारद्वाज को उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से पकड़ लिया है। यह कार्रवाई एक वायरल पॉडकास्ट क्लिप के सामने आने के बाद हुई है, जिसमें आरोपी ने सीजेपी कार्यकर्ता निशु आजाद के पिता संजय कुमार पर हमला करने की बात कथित तौर पर कबूल की थी। निशु ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से भी मदद की



गुहार लगाई थी। सीजेपी के प्रेशर के चलते दिल्ली पुलिस शुक्रवार को एक्शन में आई। दिल्ली पुलिस ने भारद्वाज पर यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पाक्सो) अधिनियम के तहत एक नई प्राथमिकी दर्ज की है। साथ ही, मामले से जुड़ी पिछली एफआईआर में एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम की धाराएं ▶▶|शेष पेज 5 पर

छात्रा की राहुल से अपील- मुझे न्याय दिलाइए

कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के दौरान जंतर-मंतर पर निशु आजाद के पिता पर हुए हमले का मामला अब राहुल गांधी तक पहुंच गया है। निशु ने गुरुवार को हमले के आरोपी स्वतंत्र भारद्वाज के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष से मदद मांगी थी। निशु ने शाम 4.30 बजे आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस उसके पिता पर हमला करने वाले आरोपी पर कार्रवाई नहीं कर रही है।





सीएम साय का शिक्षक दिवस पर गुरुजनों से आग्रह, पीछे छूट रहे बच्चे का हाथ थामिए


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शिक्षक दिवस 5 सितंबर के अवसर पर प्रदेश के गुरुजनों के नाम आत्मीय पत्र लिखकर उन्हें सादर नमन किया है। पत्र में अपने विद्यार्थी जीवन की स्मृतियों को साझा करते हुए बचपन के संघर्ष, उस दौर में शिक्षा प्राप्त करने की कठिनाइयों और आज शिक्षा के क्षेत्र में आए व्यापक बदलाव का भावपूर्ण उल्लेख किया है। उन्होंने शिक्षकों से आव्हान किया है कि वे प्रत्येक बच्चे के भीतर छिपी संभावनाओं को पहचानें और विशेष रूप से उन बच्चों का हाथ थामें जो अभाव, संकोच अथवा किसी अन्य कारण से पीछे छूट रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने शिक्षक दिवस पर गुरुजनों से अत्यंत आत्मीय आग्रह करते हुए कहा कि हर बच्चे के भीतर छिपी संभावना को पहचानिए। विशेषकर उस बच्चे का हाथ अवश्य थामिए, जो अभाव में है, संकोच में है या किसी कारण पीछे छूट ▶▶|शेष पेज 5 पर



गुरुजनों के प्रति व्यक्त की कृतज्ञता

मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने पत्र में अत्यंत भावपूर्ण ढंग से गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि शिक्षक दिवस पर वे मुख्यमंत्री के रूप में ही नहीं, बल्कि कभी गांव के एक छोटे से स्कूल में पढ़ने वाले उस विद्यार्थी के रूप में भी सभी गुरुजनों के प्रति कृतज्ञ हैं, जिसने अपने शिक्षकों से मिले संस्कार और सीख को जीवन की पूंजी माना है।



चिंतन

अब अंतरिक्ष से दुनिया पर भारत की नजर

अंतरिक्ष में भारत की बढ़ती ताकत अब केवल उपग्रहों की संख्या या प्रक्षेपण की सफलता तक सीमित नहीं रह गई है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की नई उपलब्धि इस बात का संकेत है कि भारत पृथ्वी को अंतरिक्ष से देखने, समझने और उसके आधार पर त्वरित निर्णय लेने की क्षमता को लगातार मजबूत कर रहा है। उन्नत पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ईओएस-05 का सफल प्रक्षेपण इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ईओएस-05 की सबसे बड़ी विशेषता इसका भू-तुल्यकालिक कक्षा में स्थापित होना है। पृथ्वी से करीब 36 हजार किलोमीटर की ऊंचाई पर ऐसी कक्षा में उपग्रह की तैनाती भारत को एक अलग तरह की निगरानी और अवलोकन क्षमता देगी। निचली पृथ्वी कक्षा में घूमने वाले उपग्रहों की अपनी उपयोगिता है, लेकिन भू-तुल्यकालिक कक्षा में स्थापित उपग्रह लगातार एक बड़े भूभाग पर नजर रखने में अधिक सक्षम होते हैं। यही कारण है कि इस मिशन को कृषि, मौसम, आपदा प्रबंधन और राष्ट्रीय स्तर की अनेक गतिविधियों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वास्तविक समय के करीब तस्वीरें उपलब्ध कराने की क्षमता इस उपग्रह को और उपयोगी बनाती है। आज जब मौसम में तेजी से बदलाव हो रहे हैं, बाढ़, भूस्खलन, चक्रवात और जंगलों की आग जैसी आपदाएं अचानक बड़े क्षेत्रों को प्रभावित कर रही हैं, तब जमीन से मिलने वाली सूचनाओं के साथ अंतरिक्ष से मिलने वाला दृश्य आंकड़ा प्रशासन के लिए बेहद महत्वपूर्ण हो सकता है। किसी बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में सड़क और पुल की स्थिति जानना हो, फसल के नुकसान का आकलन करना हो या किसी आपदा के बाद राहत कार्यों की प्राथमिकता तय करनी हो, उपग्रह से प्राप्त तस्वीरें निर्णय प्रक्रिया को तेज कर सकती हैं। कृषि के क्षेत्र में भी इसकी उपयोगिता दूरगामी हो सकती है। फसलों की स्थिति, भूमि के उपयोग में बदलाव, सिंचाई से जुड़े क्षेत्र और प्राकृतिक संसाधनों की निगरानी जैसी गतिविधियों में पृथ्वी अवलोकन उपग्रह पहले से महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस मिशन का एक दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष भारत की प्रक्षेपण क्षमता है। जीएसएलवी के जरिए 2,367 किलोग्राम वजनी उपग्रह को निर्धारित कक्षा में स्थापित करना इस प्रक्षेपण यान की क्षमता में हुई प्रगति को दर्शाता है। कभी 1,536 किलोग्राम के पेलोड से शुरू हुआ यह सफर अब कहीं अधिक भारी उपग्रह को अंतरिक्ष तक पहुंचाने में सक्षम हुआ है। हालांकि इस उपलब्धि के साथ एक सावधानी भी जरूरी है। अंतरिक्ष से प्राप्त आंकड़ों की उपयोगिता तभी पूरी तरह सामने आएगी, जब उन्हें जमीन पर काम करने वाली व्यवस्थाओं से प्रभावी ढंग से जोड़ा जाए। उपग्रह तस्वीरें उपलब्ध करा सकता है, लेकिन उनका विश्लेषण, संबंधित विभागों तक समय पर पहुंच और उसके आधार पर त्वरित कार्रवाई उतनी ही महत्वपूर्ण है। तकनीक तभी जनहित का माध्यम बनती है जब उसका अंतिम लाभ आम नागरिक तक पहुंचे। इसरो ने ईओएस-05 को टोही उपग्रह बताए जाने की अटकलों को खारिज किया है। इसलिए इसके घोषित वैज्ञानिक और नागरिक उपयोगों को ही इसके मूल्यांकन का आधार बनाया जाना चाहिए। ईओएस-05 की नौ वर्ष की कार्य अवधि के दौरान इससे मिलने वाले आंकड़े मौसम से लेकर खेती और आपदा प्रबंधन तक अनेक क्षेत्रों में उपयोगी साबित हो सकते हैं। इस मिशन की असली सफलता तब मानी जाएगी, जब अंतरिक्ष में स्थापित यह 'आंख' जमीन पर करोड़ों भारतीयों के जीवन को अधिक सुरक्षित, व्यवस्थित और बेहतर बनाने में मदद करे।

'एआई' के दौर में भी शिक्षक प्रासंगिक




शिक्षक दिवस विशेष
डॉ. संजय शुक्ला

पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जन्मतिथि 5 सितंबर को पूरे देश में "शिक्षक दिवस" के रूप में मनाया जाता है। इक्कीसवीं सदी के सूचना क्रांति और आर्थिक उदारीकरण के आज के दौर में जब शिक्षा तकनीक आधारित हो चुकी है तब शिक्षकों की प्रासंगिकता पर लगातार बहस चल रही है। इंटरनेट आज आम आदमी के जीवन का अनिवार्य हिस्सा बन गया है, इसके जरिए दुनिया भर की सभी ज्ञान व सूचनाएं इलेक्ट्रानिक गैजेट में उपलब्ध हैं। इंटरनेट के बाद अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानि "एआई" ने शिक्षा के तौर तरीकों में भी भारी बदलाव लाया है। आज पारंपरिक क्लासरूम की जगह ऑनलाइन क्लास और स्मार्ट क्लासरूम का प्रचलन बढ़ने लगा है। एआई ने दुनिया में एक नई क्रांति ला दिया है जिससे शिक्षा का क्षेत्र अछूता नहीं है आलम यह है कि यह तकनीक अब शिक्षा के बुनियाद पर ही हमला कर रहा है जिससे अनेक विसंगतियां पैदा हो रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिक्षा में बौद्धिक विकास और नवाचार के लिए अनुसंधान की सतत प्रक्रिया को कूंद कर रहा है। बिलाशक इंटरनेट आधारित शिक्षा प्रणाली में शिक्षक की भूमिका सीमित होने लगी है लेकिन तकनीक आधारित इस शिक्षा मॉडल की दुश्वारियां भी सामने आने लगी है। 'एआई' छात्रों को व्यक्तिगत तौर पर जानकार तो बना सकता है लेकिन शिक्षक ही ऐसा माध्यम है जो छात्रों को मानवीय संवेदना, मूल्य, मार्गदर्शन और सीखने की दिशा प्रदान करता है। इस लिहाज से शिक्षक हर दौर में प्रासंगिक रहेंगे लेकिन उन्हें भी इस दौर के तकनीक को अपनाना होगा। लिहाजा भविष्य के दृष्टिगत हम कह सकते हैं कि 'एआई' और शिक्षक एक - दूसरे का विकल्प नहीं हो सकते बल्कि परस्पर सहयोगी जरूर होंगे।

विचारणीय है कि देश की शिक्षा व्यवस्था में शुरुआत से ही व्यापक असमानता रही है लेकिन इंटरनेट ने इस खाई को और भी चौड़ा कर दिया है। नवीन शिक्षा नीति 2020 में डिजिटल शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने का दावा किया गया है लेकिन आज भी ग्रामीण इलाकों में इंटरनेट की पहुंच कम है जिसके चलते शहरी और ग्रामीण छात्रों के शिक्षा में असमानता है। विचारणीय है कि सरकार एक तरफ परीक्षाओं में पेपर लीक के बढ़ते मामलों के दृष्टिगत नौकरी से लेकर दाखिला परीक्षाओं को कम्प्यूटर बेस्ड टेस्ट 'सीबीटी' मोड पर करने पर विचार कर रही है तो दूसरी ओर डिजिटल शिक्षा में बढ़ती असमानता कहीं अनेक छात्रों के पैरों की बेड़ियां न बन जाए? यह सवाल सरकार और समाज के लिए विचारणीय है। अनेक शिक्षाविदों और समाजशास्त्रियों का मानना है कि स्कूली शिक्षा के बढ़ती खाई को जल्द भरने की जरूरत है वरना देश के पास एक कम समझ वाली पीढ़ी होगी जो सामाजिक और आर्थिक असमानता को बढ़ावा देगा। बहरहाल इन विसंगतियों ने यह साबित कर दिया है कि इंटरनेट तकनीक के पहुंच के अभाव को बहुत हद तक शिक्षक ही दूर कर सकता है बशर्ते वह ऑनलाइन शिक्षण विधियों में पारंगत हो लिहाजा शिक्षकों को 'एआई' और डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग के बारे में प्रशिक्षित होना होगा।

अलबत्ता हालिया दौर मे जब ज्ञान से लेकर विज्ञान की सारी जानकारियां भले ही 'एआई' पास उपलब्ध है और इंटरनेट की प्रभावशाली भूमिका और अनिवार्यता से कोई इंकार नहीं कर सकता तब भी यह ज्ञान शिक्षक से प्राप्त ज्ञान की तुलना में अपेक्षाकृत अपूर्ण है। शिक्षा के मूल में सीखने का कौशल, विषयों को समझना और विश्लेषण करना, शिक्षक और छात्र के बीच परस्पर सवाल-जवाब, परीक्षा व मूल्यांकन है जो वर्चुअल माध्यम में संभव नहीं है। शिक्षक ज्ञान और कौशल को विकसित करने के साथ ही छात्र के मानसिक और भावनात्मक विकास में मदद करता है वह जीवन के बुनियादी नैतिक मूल्यों के बारे में शिक्षित करता है। इंटरनेट से मिला ज्ञान छात्र को जानकार तो बना सकता है लेकिन यह ज्ञान उसके लिये एकांगी होता है, इस माध्यम में उपलब्ध जानकारियों से ज्ञान की जिज्ञासा को शांत नहीं किया जा सकता है बल्कि कई बार एक विषय पर अलग-अलग सूचनाएं परोसता है। आभासी माध्यम से प्राप्त शिक्षा में व्यवहारिकता व नैतिकता जैसे मानवीय गुणों का सर्वथा आभाव रहता है जो शिक्षा का मूल उद्देश्य है।विचारणीय है कि गूगल से मिले ज्ञान में भटकाव है जबकि शिक्षक से ग्रहण शिक्षा में संपूर्णता और जिज्ञासा शांति है। शिक्षक अपने ज्ञान और अनुभव से विद्यार्थियों में आदर, नैतिकता, समता, सामूहिकता और आत्मविश्वास जैसे गुणों का बीजारोपण करता है। शिक्षण के इस अंतर को अब छात्र भी भलि- भाँति महसूस करने लगे हैं।

प्राचीन भारत से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। शिक्षा के



पौराणिक गुरूकुल काल के गुरु वशिष्ठ, द्रोणाचार्य, चाणक्य से चली आ रही भारतीय शिक्षा के गौरवमयी परंपरा को गुरु रविन्द्रनाथ टैगोर और डॉ. राधाकृष्णन जैसे विद्वानों ने समृद्ध किया है। शिक्षक की भूमिका सिर्फ अध्ययन -अध्यापन ही नहीं बल्कि समाज को राष्ट्रनिर्माण के लिए एक चरित्रवान और ज्ञानवान नागरिक देने की रही है। सामाजिक दायित्व के दृष्टिगत महात्मा गांधी शिक्षकों को /"एजेंट ऑफ सोशल चेंज/" मानते थे। डॉ.राधाकृष्णन का मानना था कि शिक्षा संस्कारित करने का माध्यम है न कि मशीनीकरण का अतः शिक्षक का कार्य छात्र को बतौर उत्पादक मशीन बनाना नहीं बल्कि एक मानव बनाना है। विडंबना है कि नब्बे के दशक से जारी बाजारवाद की आंधी ने शिक्षा जैसे निःस्वार्थ सेवा और दान के क्षेत्र का व्यवसायीकरण कर दिया है। शिक्षा के बाजारीकरण, शिक्षा की बदहाल व्यवस्था, धन लोलुपता और विदेशी शिक्षा के प्रति बढ़ते मोह के चलते अब भारत के शिक्षक और शिक्षा दोनों गांधी और राधाकृष्णन के राह से भटकने लगे हैं।आधुनिक शिक्षा व्यवस्था का एकमात्र उद्देश्य विद्यार्थी को पढ़ लिखकर एक अच्छी नौकरी दिलाना रह गया है। विचारणीय है कि इंटरनेट और एआई से देश को बेहतर प्रोफेशनल तो मिल जाऐंगे लेकिन जिम्मेदार व चरित्रवान नागरिक मिलने की गारंटी शत प्रतिशत नहीं है। देश के शिक्षा व्यवस्था पर गौर करें तो विभिन्न सरकारों ने स्कूल से लेकर विश्वविद्यालयों में संविदा या दैनिक वेतन पर शिक्षकों की नियुक्ति किया है। एक ही छत के नीचे नियमित और संविदा शिक्षक सेवारत हैं उनकी भर्ती की योग्यता तो समान है लेकिन वेतन, भत्तों और पेंशन में काफी अंतर है। भविष्य की अनिश्चितता इन शिक्षकों के कार्यक्षमता और उत्पादकता को भी प्रभावित कर रही है। दूसरी ओर सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को सरकार के फरमान पर अध्यापन के इतर जनगणना, मतदाता सूची, राशन कार्ड निर्माण और गरीबी रेखा सर्वेक्षण काम के लिए घर-घर दस्तक देते अथवा मतदान केंद्रों में ड्यूटी करते हुए देखा जा सकता है।इन गतिविधियों के कारण जहाँ शिक्षा के गुणवत्ता में गिरावट आ रही है वहीं शिक्षकों की गरिमा भी घटने लगी है। बात यदि शिक्षकों को करें तो कतिपय शिक्षकों के कदाचरण के कारण समाज में उनकी छवि विकृत हो रही है जिस पर चिंतन आवश्यक है। आए दिन शिक्षकों द्वारा शराबखोरी, छात्राओं के साथ छेड़छाड़ और अनाचार, परीक्षा के पर्चे लीक करने से लेकर पास करने के लिए पैसों के लेनदेन की खबरें आम हो चुकी है। शिक्षकों के कलंकित आचरण की खबरों से शिक्षा जैसे मुकद्दस पेशे की मर्यादा पर आंच आई है। हालांकि कुछ शिक्षकों के कदाचरण के लिए समूचे शिक्षक बिरादरी को कठघरे में खड़ा करना उचित नहीं होगा बल्कि आज भी बहुतेरे ऐसे शिक्षक हैं जो इस पवित्र पेशे की गरिमा को बचाए हुए हैं। बिलाशक आज के 'अर्थयुग'में शिक्षक की भी पारिवारिक जिम्मेदारी है लेकिन इस जिम्मेदारी के निर्वहन में उसे हमेशा नैतिक राह ही अख्तियार करना चाहिए ताकि इस पेशे की गरिमा और सम्मान सुरक्षित रहे। गला काट प्रतिस्पर्धा के वर्तमान दौर में शिक्षा का जिस तरह वैश्वीकरण और बाजारीकरण हो रहा है उससे छात्रों को अच्छे रिजल्ट देकर बेहतर प्रोफेशनल्स तैयार करने पर जोर दिया जा रहा है फलस्वरूप शिक्षा में नैतिकता बड़ी तेजी से खत्म हो रही है। शिक्षा के मानवीकरण के पक्षधर रहे डॉ.राधाकृष्णन ने शिक्षकों के लिए बखूबी कहा है कि /" शिक्षक के लिए मानव का दानव बन जाना उसके लिए पराजय है,मानव का महामानव होना उसका चमत्कार है और मानव का मानव होना उसकी विजय है।/" हालिया दौर में जब युवा पीढ़ी नशाखोरी, अपराध और धार्मिक कट्टरता के अंधी खाई की ओर बढ़ रही है तब शिक्षक ही मानवीय मूल्यों, नैतिक विचारों, सर्वधर्म समभाव रखने वाले चरित्रवान पीढ़ी तैयार कर सकते हैं जो गूगल गुरु या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए संभव नहीं है लिहाजा यह सत्य है कि शिक्षक के बिना शिक्षा का उद्देश्य अधूरा है।

दिवस विशेष
अरविंद जयतिलक



राष्ट्र निर्माण के प्रतिनिधि हैं शिक्षक

आज गुरुओं के सम्मान का दिन है। 5 सितंबर को देशभर में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। 1962 में जब डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन भारतीय गणतंत्र के दूसरे राष्ट्रपति बने, तब उनके विद्यार्थियों ने उनका जन्मोत्सव मनाने का विचार किया, लेकिन उन्होंने इस अनुरोध को अस्वीकार कर सुझाव दिया कि अगर वे उनके जन्मोत्सव को शिक्षक दिवस के रूप में मनाएं तो ज्यादा खुशी होगी। तभी से इस दिन को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन अक्सर कहा करते थे कि शिक्षक का कार्य केवल शिक्षण संस्थानों की परिधि तक ही सीमित नहीं है। समाज व राष्ट्र के गुणसूत्र को बदलने की जिम्मेदारी भी उसके कंधे पर होती है। इसलिए कि वह राष्ट्रीय जनमानस का प्रतिनिधि होता है। उसके आदर्शवादी मूल्य और सारगर्भित विचारधारा समाज व देश के लिए प्रेरणास्रोत होते हैं। राधाकृष्णन एक उत्कृष्ट विद्वान, महान शिक्षाशास्त्री के अलावा कुशल वक्ता भी थे। अंग्रेजी और संस्कृत पर उन्हें असामान्य अधिकार था। भारत में सत्ता हस्तांतरित होने के गौरवशाली अवसर पर जो गिने-चुने महापुरुषों ने अपने विचार व्यक्त किए उनमें डा. राधाकृष्णन भी थे। उनकी विद्वता और ज्ञान सिर्फ कोरी शास्त्रीय नहीं थी, बल्कि इसे अपने जीवन में उतारा भी। शिक्षा में महान योगदान को देखते हुए ही भारत सरकार ने उन्हें 1954 में भारत रत्न की उपाधि से विभुषित किया। डा. राधाकृष्णन का जन्म 5 सितंबर 1888 को मद्रास के निकट तिरुतानी में हुआ।


शिक्षा प्राप्ति के तदोपरांत डा. राधाकृष्णन सर्वप्रथम एक शिक्षक के रूप में मद्रास में लेक्चरर नियुक्त हुए। 1911 में वे मद्रास के प्रेसीडेंसी कालेज में



असिस्टेंट प्रोफेसर और 1916 में प्रोफेसर बने। 1918 में वह मैसूर विश्वविद्यालय में चले गए और वहां 1921 तक रहे। 1926 और 1929-30 में ऑक्सफोर्ड के मानचेस्टर कालेज और 1926 में शिकागो विश्वविद्यालय में प्रोफेसर रहे। 1927 में भारतीय दर्शन परिषद के बंबई अधिवेशन के अध्यक्ष बने। सर आशुतोष मुखर्जी के निवेदन पर वे कलकत्ता विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र के प्रोफेसर पद पर कार्य करना स्वीकार किया। वे वहां 1921 से 1931 तथा 1937 से 1941 तक अध्यापन कार्य किए। इसके बाद वे आंध्रप्रदेश विश्वविद्यालय में 1939 से 1948 तक उपकुलपति रहे। 1931 से 1941 तक राष्ट्रसंघ की बौद्धिक सहकारिता संबंधी अंतर्राष्ट्रीय समिति के सदस्य रहे। बंगाल की रायल एशियाटिक सोसायटी के फैलो और भारतीय विश्वविद्यालय कमीशन के अध्यक्ष के पद की भी उन्होंने शोभा बढ़ाई। 1916 महामना मदन मोहन मालवीय द्वारा बनारस में स्थापित काशी हिंदू विश्वविद्यालय में भी उन्होंने बतौर कुलपति अपनी भूमिका का गौरवपूर्ण निर्वहन किया। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान जब गांधी जी ने करो या मरो का नारा दिया उस दौरान काशी हिंदू विश्वविद्यालय के छात्रों ने इसमें बढ़ चढ़कर हिंसा लिया। अपने ज्ञान-विज्ञान, दर्शन और चिंतन से भारतीय समाज और राष्ट्र के जीवन में नवीन प्राणों का संचार करने के कारण ही शिक्षक यानी गुरुओं की तुलना ब्रह्मा, विष्णु व महेश से की गई है। गुरु अर्थात ज्ञान का वो प्रकाशपूंज जो शिष्य के अंधकार रूपी अज्ञान समाप्त करके उसे और सार्थक मनुष्य बनाता है। संत कबीर कहते हैं कि 'हरि रुठे गुरु ठौर हैं, गुरु रुठे नहीं ठौर'। अर्थात भगवान के रुठने पर तो गुरु की शरण रक्षा कर सकती है, लेकिन गुरु के रुठने पर कहीं भी शरण नहीं मिलेगी। शास्त्रों में गुरु को तीर्थ से भी बड़ा कहा गया है। तीर्थ गए तो एक फल, संत मिले फल चार, सद्गुरु मिले तो अनंत फल, कहे कबीर विचार। गुरु शिष्य का मार्गदर्शन कर उसके जीवन को ऊर्जा से भर देता है। लीलारस के रसिकों का दाता श्रीकृष्ण भी सद्गुरु ही है। भगवान श्रीकृष्ण ने गुरु रूप में शिष्य अर्जुन को संदेश दिया था कि 'सर्वधर्मान्परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज, अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यि माम शुचः। अर्थात सभी साधनों को छोड़कर केवल नारायण स्वरूप गुरु की शरणागत हो जाना चाहिए। वे उसके सभी पापों का नाश कर देंगे। भारतीय संस्कृति और सभ्यता में कहा गया है कि जिनके दर्शन मात्र से मन प्रसन्न होता है वह परमसत गुरु है। गुरु के बिना न आत्मदर्शन संभव है और न ही परमात्मा दर्शन। जप, तप, यज्ञ और ज्ञान में गुरु का मार्गदर्शन आवश्यक है। किसी भी प्रकार की विद्या हो अथवा ज्ञान वह गुरु से ही प्राप्त होता है। सद्गुरु की महिमा अनंत और अपरंपार है। आज के आधुनिक युग में भी गुरु की महत्ता में तनिक भी कमी नहीं आयी है। एक बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए आज भी गुरु का सानिध्य आवश्यक है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

मन की कड़वाहट मिटाने से संबंधों में समरसता आएगी



संकलित
दर्शन

हम अपने सोच व विचारों से अपना ऊर्जा क्षेत्र बनाते हैं। हमारे संकल्पों की गुणवत्ता ऊर्जा क्षेत्र की गुणवत्ता निर्धारित करती है। उस ऊर्जा क्षेत्र से हम अपने आपको अलग नहीं कर सकते। उसके सकारात्मक व नकारात्मक प्रकंपन को हम हमेशा साथ लेकर चलते हैं, चाहें घर में प्रवेश करते हुए अथवा घर से बाहर निकलते हुए। जब किसी के बारे में हम अच्छा सोचते हैं और उसके प्रति हमारे विचारों को शुद्ध, सुंदर व सकारात्मक रखते हैं, तो स्वाभाविक है कि हम उसे एक प्रकार से आशीर्वाद देते हैं। आशीर्वाद देने का यह मतलब नहीं कि हम केवल औपचारिक रूप में शुभकामनाएं देते हैं। अगर हमारे पास किसी के लिए उपहार लेने के लिए पैसे नहीं हैं, तो हमारी ओर से उनके लिए सबसे बड़ा उपहार यही होगा कि हम उनके घर-परिवार को आशीर्वाद दें। सामान्यतः दूसरों के लिए हम अपने सोच के साथ बोल को ध्यान में रखते हैं। भले ही हम उस व्यक्ति के लिए मन में नकारात्मक भावनाएं रखते हों, पर एक पल के लिए उसे बधाई भी देते हैं। इसका मतलब है, हम उसके लिए मन में अच्छा सोच भी पैदा कर सकते हैं। संबंधों का अर्थ ही है संकल्प रूपी ऊर्जा का आदान-प्रदान करना। मैं आपके बारे में जो सोचती हूं, वह आप तक पहुंचता है। आप मेरे बारे में जो सोचते हैं, वह मुझ तक पहुंचता है-यही हमारे संबंधों का आधार बनता है। यदि मैं आपके बारे में अच्छा सोच नहीं रखती और आपके लिए अच्छे काम करती हूं, तो मैं कितनी भी कोशिश क्यों न करूं, हमारे संबंध का नींव कभी मजबूत नहीं होगी।


शिव जी के अंशावतार हैं हनुमान जी



संकलित
प्रेरणा

शिव जी के 19 अवतारों में से एक अवतार है हनुमान। इसे शिव जी का अंशावतार माना जाता है। त्रेता युग में जब रावण का आतंक बढ़ गया, तब विष्णु जी राम अवतार लेने वाले थे। उस समय सभी देवताओं ने श्रीराम की सेवा और मदद करने के लिए अलग-अलग अवतार लिए थे। शिव जी ने श्रीराम के परमभक्त हनुमान जी के रूप में अवतार लिया था। जब श्रीराम अश्वमेध यज्ञ कर रहे थे। उनका यज्ञ घोड़ा घूमते-घूमते देवपुर नगर पहुंचा। उस नगर के राजा थे वीरमणि। वीरमणि शिव भक्त थे। राजा के पुत्र रुक्मांगद ने यज्ञ के घोड़े को बंदी बना लिया था। जब ये बात जब श्रीराम के भाई शत्रुघ्न को मालूम हुई तो उन्होंने देवपुर पर आक्रमण कर दिया। शत्रुघ्न और वीरमणि की सेना का युद्ध शुरू हुआ तो हनुमान जी भी वीरमणि की सेना खत्म करने लगे। राजा की हार होती देखकर शिव जी राजा की ओर से युद्ध करने लगे। युद्ध में जब शिव जी और हनुमान जी का सामना हुआ तो हनुमान जी ने उनसे पूछा कि आप तो राम भक्त हैं। फिर हमसे युद्ध क्यों कर रहे हैं। शिव जी ने कहा कि मैंने राजा वीरमणि को उसके राज्य की रक्षा करने का वचन दिया है इसलिए मुझे राजा की ओर से युद्ध करना पड़ रहा है, वह मेरा प्रिय भक्त है। शिव जी और हनुमान जी के बीच युद्ध हुआ, लेकिन जब शिव जी पराजित नहीं हुए तो उन्होंने श्रीराम का स्मरण किया। जब श्रीराम युद्ध में पहुंचे तो शिव जी राजा वीरमणि के साथ श्रीराम की शरण में चले गए। इस तरह ये युद्ध शांत हो गया।

अंतर्मन



आज की पाती

शिक्षक को अपनी भूमिका समझनी होगी

समाज में नैतिक मूल्यों का आए दिन क्षरण हो रहा है। पहले के मुकाबले आज परिस्थितियां बिल्कुल विपरीत हो चुकी हैं। वास्तव में मां-बाप अपने कर्तव्यों से विमुख होते जा रहे हैं और बच्चों की शिक्षा का दारोमदार शिक्षक के ऊपर छोड़ दिया है। फलस्वरूप बच्चों का भविष्य जहां गर्त में जा रहा है, वहीं शिक्षक भी इनके भविष्य के प्रति नाममात्र ध्यान देकर अपनी इतिश्री कर रहे हैं। जबकि शिक्षक को गुरु और भगवान के रूप में हमेशा देखा गया है। हर वर्ष पांच सितंबर को शिक्षक दिवस के मौके पर शिक्षण संस्थानों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण किया जाएगा। विडंबना यह है कि शिक्षक को समाज आज वांछित इज्जत नहीं दे रहा है और न ही शिक्षक अपनी भूमिका को समझ पा रहा है। - ललित जैन, अंबिकापुर

ट्रेंड

कांग्रेस की झूठ



जैसे ही राम मंदिर में एयर फोर्स के एक पूर्व अधिकारी की नियुक्ति हुई, कांग्रेस की झूठ फैलाने वाली मशीन तुरंत हरकत में आ गई। उनकी योग्यता, उनका काम नहीं दिखाया गया, उन्होंने इसमें विवाद ढूंढ ही लिया।
-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषिमंत्री

आदिवासी छात्रों की लड़ाई



नासिक और महाराष्ट्र के आदिवासी छात्रों की लड़ाई सिर्फ शिक्षा, रोजगार, हॉस्टल और भोजन के लिए नहीं है, यह उनके अस्तित्व और आदिवासी पहचान की लड़ाई भी है। इन बहादुर छात्रों से मिलकर बहुत अच्छा लगा, जिन्होंने अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाई और जीत हासिल की।
-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

जगदीश मित्तल को नमन



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक और 'राष्ट्रीय कवि संगम' के संस्थापक-अध्यक्ष जगदीश मित्तल के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। राष्ट्रीय चेतना के प्रति उनका समर्पण सभी को राष्ट्र-सेवा के पथ पर चलने के लिए प्रेरित करता रहेगा।
- भजनलाल, सीएम, राजस्थान

इसरो टीम को बधाई



इसरो का हर लॉन्च हमें गर्व से भर देता है। तकनीक के क्षेत्र में हासिल की गई हर नई कामयाबी भारत की रणनीतिक स्वायत्तता को मजबूत करती है। ईओएस-05 को ले जाने वाले सफल जीएसएलवी-एफ17 मिशन के लिए इसरो की टीम को बहुत-बहुत बधाई।
- स्मृति ईरानी, पूर्व केंद्रीय मंत्री

करंट अफेयर

जॉर्डन को अमेरिकी संबंधों की कीमत चुकानी पड़ रही



अमेरिकी सैनिकों की मेजबानी करने वाले जॉर्डन को ईरान के साथ जारी अमेरिका के युद्ध में वाशिंगटन के साथ करीबी संबंधों की कीमत चुकानी पड़ रही है और ईरान उसके सैन्य ठिकानों को कई बार निशाना बना चुका है। विश्लेषकों का कहना है कि सैकड़ों ड्रोन एवं मिसाइल हमलों ने जॉर्डन पर पहले से मौजूद दबाव को और बढ़ाया है। उनका कहना है कि देश की अर्थव्यवस्था सुस्त है और पड़ोसी वेस्ट बैंक में भी अस्थिरता बढ़ी है, जहां इजराइल ने फलस्तीनियों पर हमले तेज कर दिए हैं। जॉर्डन में और हमलों के खतरे के बावजूद उसके नेताओं का कहना है कि वे अमेरिका के साथ करीबी संबंध बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जॉर्डन अमेरिकी अधिकारियों के साथ सुरक्षा संबंध मजबूत करने और संघर्ष से जूझ रहे पश्चिम एशिया में पश्चिमी देशों के लिए एक भरोसेमंद साझेदार बनने की दशकों से कोशिश करता रहा है। विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका के साथ यह गठजोड़ जॉर्डन को अपने पड़ोसी देशों को अस्थिर करने की ईरान की कोशिशों से बचाव का एक जरिया भी देता है। जॉर्डन के शाह अब्दुल्ला द्वितीय ने ऐसे गठजोड़ की जरूरत को स्वीकार करते हुए पिछले साल कहा था कि कोविड-19 संकट, यूक्रेन पर रूस के व्यापक हमले और पश्चिम एशिया में इजराइल के कई सैन्य अभियानों से पैदा हुई अस्थिरता इस क्षेत्र से बहुत दूर तक भी अराजकता फैला सकती है।

ऑफ बीट

हिमालय से जुड़े खतरे होते जा रहे हैं जटिल



नेपाल में हाल में आई विनाशकारी बाढ़ का समय-क्रम अब धीरे-धीरे साफ हो रहा है। सुबह 8:37 बजे, उपकरणों ने नेपाल और चीन की सीमा के निकट कुछ हलचल दर्ज की, जिसे शुरुआत में भूकंप समझा गया। लेकिन सिर्फ सात मिनट बाद ही, सीसीटीवी कैमरों ने गीरोंग पोर्ट सीमा चौकी को मलबे के भारी बहाव और बाढ़ से तबाह होते हुए दर्ज किया। नेपाल के बाढ़ नियंत्रण अधिकारियों को इस घटना की जानकारी सुबह लगभग 9:00 बजे मिली और उन्होंने सुबह लगभग 9:15 बजे एक आपातकालीन एसएमएस अलर्ट भेजा। लेकिन तब तक नेपाल एक बड़ी आपदा की चपेट में आ चुका था। कंपन दर्ज होने और आपातकालीन अलर्ट जारी होने के बीच 38 मिनट का अंतर ध्यान खींचने वाला है। लेकिन यह सोचना गलत होगा कि नेपाल के अधिकारी शुरुआती संकेत पर तुरंत कार्रवाई कर सकते थे: उस समय यह एक छोटा भूकंप लग रहा था, न कि पहाड़ों के धराशायी होने की कोई दुर्लभ घटना। इसके अलावा, बाढ़ इतनी तेजी से आई कि जल-स्तर मापने वाले सेंसर संभल ही नहीं सके; वे सामान्य जल-स्तर दर्ज करने के तुरंत बाद ही नष्ट हो गए। ज्यादा महत्वपूर्ण सवाल यह है कि यदि एक बेहतर और एकीकृत चेतावनी प्रणाली होती, तो क्या भूकंप से जुड़े आंकड़ों, उपग्रह (सेटेलाइट) की तस्वीरों और अन्य जानकारियों को इतनी तेजी से जोड़कर देखा जा सकता था।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।



अक्षय की 'हे बेबी' का आएगा पार्ट 2, साजिद ने किया कन्फर्म

नई दिल्ली। अक्षय कुमार की कॉमेडी फिल्म हे बेबी का पार्ट 2 लगभग दो दशक बाद कन्फर्म हो गया है। फिल्म का पहला पार्ट साल 2007 में रिलीज हुआ था। हे बेबी बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी। साल 2007 में अक्षय कुमार, फरदीन खान और रितेश देशमुख की फिल्म दे बेबी रिलीज हुई थी। अक्षय की ये कॉमेडी फिल्म उस साल बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी। अब लगभग दो दशक के बाद इस फिल्म का सीक्वल कन्फर्म हुआ है। साजिद नाडियाडवाला ने खुद इस गुड न्यूज को कन्फर्म किया है। 3 सितंबर को नाडियाडवाला ने न्यू साउथ वेल्स के प्रीमियर क्रिस मिन्स का अपने मुंबई ऑफिस में स्वागत किया। उन्होंने इस मुलाकात की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं। इसी के साथ जानकारी दी कि ऑस्ट्रेलिया में शूट के लिए तीन फिल्मों की डील साइन गुई है। इनमें से एक फिल्म हे बेबी का सीक्वल होगी। हे बेबी पार्ट 1 भी ऑस्ट्रेलिया में ही शूट हुई थी।

लाइफ Style

अमनदीप

इंग्लिश टीचर से करती थीं नफरत

एजेंसी ⏭ मुंबई


धारावाहिक गंगा माई की बेटियां की अभिनेत्री अमनदीप सिद्धू आज टीवी की जानी-मानी अदाकारा हैं। हालांकि, यहां तक पहुंचना उनके लिए आसान नहीं रहा। हाल ही में, एक्ट्रेस ने अपने संघर्ष के दिनों को याद किया है। साथ ही अपने स्कूल के दिनों की यादों को भी साझा किया है। अमनदीप सिद्धू कहती हैं, 'क्लास में मैं बहुत ज्यादा बातें करती थी। प्रिंसिपल मेरी मम्मी से हमेशा इसी बात की शिकायत भी करती थीं। जब मैंने स्कूल जाना शुरू किया था तब मैं पंजाब में रहती थी, पर दूसरी कक्षा के बाद ही मम्मी के साथ दिल्ली आ गई थी। उस समय मेरी हिंदी और अंग्रेजी दोनों ही बहुत खराब थी। मेरी बातचीत में पंजाबी शैली का बहुत प्रभाव दिखता था।' अमनदीप आगे बताती हैं कि आखिर उन्हें क्यों अपनी इंग्लिश टीचर से नफरत थी। उन्होंने कहा, 'दिल्ली में डॉली मैम अंग्रेजी पढ़ाती थीं और बहुत सख्त भी थीं। वह जब भी क्लास में होतीं तो हमें अंग्रेजी में ही बोलना होता था। तब मुझे बहुत डर लगता था और सोचती थी कि डॉली मैम क्लास में नहीं आनी चाहिए।' अपनी बात जारी रखते हुए उन्होंने आगे कहा, 'वह क्लास में एक-एक कर सभी बच्चों को खड़ा करवा देती थीं और किताब में से अंग्रेजी के पैराग्राफ जोर-जोर से बोलकर पढ़वाती थीं। गलत पढ़ने पर वह छड़ी से मारती भी थीं। तब मुझे उनसे नफरत थी, लेकिन अब लगता है कि अगर वो नहीं होतीं तो आज मुझमें इतना आत्मविश्वास नहीं होता।' अमनदीप ने कहा, 'सातवीं–आठवीं कक्षा में मेरी मम्मी को लगा कि मुझे पंजाबी भी पता होनी चाहिए तो उन्होंने मुझे पंजाबी सीखने के लिए स्पेशल क्लासेज में डाल दिया था। इससे मैं पंजाबी बोलना भी नहीं भूली, इसके साथ मेरी अंग्रेजी और हिंदी भी सही हो गई।





बोल्ड किरदार की वजह से झेली परेशानी

मुंबई। मिर्जापुर द मूवी सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म में कुछ किरदार तो सीरीज वाले ही लौटे हैं, वहीं कुछ नए किरदार भी आए हैं। सीरीज के जो किरदार वापस लौटे हैं उसमें से ही एक किरदार है जरीना का। सीरीज में जरीना का काफी बोल्ड रोल था। उन्हें अपने बोल्ड रोल की वजह से काफी भद्दे कमेंट्स और मैसेज का सामना करना पड़ा था। जरीना का किरदार निभाने वाली अनंगशा बिस्वास ने एक इंटरव्यू में बताया था कि जब मिर्जापुर का सीजन 1 रिलीज हुआ था तब उन्हें काफी लोगों ने घटिया मैसेज किए थे। उन्होंने कहा था कि सीजन 1 के रिलीज के बाद वो काफी परेशान हुई थीं। एक बातचीत में अनंगशा बिस्वास ने कहा, 'सीजन 1 के बाद मैं बहुत ज्यादा परेशान हुई थी, क्योंकि वो सब मेरे लिए बहुत नया था। तरह-तरह के कमेंट्स और अजीब ई-मेल्स आ रहे थे, हर तरफ एक ही जैसे शब्द इस्तेमाल हो रहे थे। मैं थोड़ा हिल गई थी।' अनंगशा ने उनको मिले कमेंट्स और मैसेज याद करते हुए बताया कि लोग उनसे पूछते थे कि वो एक रात का कितना चार्ज करती हैं। उन्होंने कहा, 'लोग पूछते थे, एक रात का कितना चार्ज करोगी? हमारे साथ दो दिनों के लिए मॉरिशस चलो।' अनंगशा ने कहा कि उनका इनबॉक्स इस तरह के मैसेज्स से भरा रहता था। एक्ट्रेस ने कहा कि ऑडियंस को एक्टर और उसके द्वारा प्ले किए गए किरदारों में अंतर करना आना चाहिए। खासकर जब कोई एक्टर बोल्ड या ग्रे किरदार निभा रहा हो।




अरबाज और मलाइका के बेटे लेने जा रहे बॉलीवुड में एंट्री

मुंबई। अरबाज खान और मलाइका अरोड़ा के लिए काफी एक्साइटिंग मोमेंट आ रहा है, क्योंकि उनके बेटे अरहान अब बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले हैं। वह बॉलीवुड फिल्म में बतौर हीरो नजर आने वाले हैं। अरबाज खान और मलाइका अरोड़ा के बेटे अरहान खान को आप कई बार इवेंट्स में देखते रहते हैं। लेकिन, अब खबर आ रही है कि वह एक्टिंग की दुनिया में एंट्री लेने वाले हैं। जी हां, सलमान के भतीजे अरहान अब बॉलीवुड हीरो बनने वाले हैं और वो भी एक्शन हीरो बनकर एंट्री लेने वाले हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक अरबाज और मलाइका के बेटे अरहान अब बॉलीवुड में एक एक्शन फिल्म में लॉन्च होने वाले हैं। फिल्म को फिल्ममेकर अनिरुद्ध अय्यर ने डायरेक्ट किया है जिन्होंने इससे पहले एक्शन हीरो को डायरेक्ट किया था। अरहान की डेब्यू फिल्म एक बड़ी एक्शन फिल्म होगी। फिलहाल फिल्म की स्क्रिप्ट फाइनल स्टेज पर है। बता दें कि इससे पहले अरबाज ने बेटे को फिल्म इंडस्ट्री में लॉन्च करने पर कहा था, स्क्रिप्ट मेरे पास से आ सकती है या फिर किसी और की तरफ से भी। फिलहाल, सब उसे देख रहे हैं। अरबाज ने यह भी कहा था कि देश में कई फिल्ममेकर्स हैं और सब नए टैलेंट और चेहरे को देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर किसी के पास उनसे पहले अरहान के लिए ऑफर है तो वह उसे देख सकते हैं। वह बोले थे, 'ऐसा नहीं है कि मैं अरहान को कुछ नहीं दूंगा।



इन बॉलीवुड फिल्मों में दिखी टीचर-स्टूडेंट की शानदार बॉन्डिंग

अपने गुरु आ जाएंगे याद



सर (1993) : 1993 की फिल्म 'सर' स्टूडेंट और टीचर के रिश्ते पर बनी सबसे शानदार फिल्मों में से एक है। महेश भट्ट के निर्देशन में बनी इस फिल्म में नसीरुद्दीन शाह, पूजा भट्ट, अतुल अग्निहोत्री और परेश रावल मुख्य भूमिका में थे। फिल्म आज भी अपने शानदार म्यूजिक और बेहतरीन ऐक्टिंग के लिए जानी जाती है।

नई दिल्ली। देश में हर साल 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। गुरुओं को धन्यवाद देने के लिए एक दिन काफी नहीं है। फिर भी हर साल 5 सितंबर वाला दिन गुरुओं के लिए मनाया जाता है। शिक्षक दिवस पर हम बॉलीवुड की कुछ ऐसी फिल्मों के नाम बताएंगे जिन्हें आप मिस नहीं कर सकते, क्योंकि यह आपके स्कूल डेज की पुरानी यादों को वापस लाती है। हर इंसान की जिंदगी में एक न एक शख्स ऐसा होता है जो जिसकी सिखाई हुई बातें आप पूरी जिंदगी फॉलो करते हैं। यह होता है आपका गुरु। टीचर की सिखाई हुई हर बात आफको पूरी जिंदगी काम आती है। शिक्षक और स्टूडेंट्स का एक अनोखा रिश्ता होता है। दोनों की आपस में एक अनोखी बॉन्डिंग होती है।

मोहब्बतें (2000)

साल 2000 की फिल्म 'मोहब्बतें' वैसे तो एक लव स्टोरी फिल्म है। इस फिल्म में मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने नारायण शंकर का किरदार निभाया था। जिन्होंने गुरुकुल के प्रमुख का किरदार निभाया था। फिल्म में अमिताभ बच्चन के सख्त लुक और विद्यार्थियों के साथ सख्त रवैये ने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई थी। लेकिन तभी फिल्म में एंट्री होती है शाहरुख खान की। जो एक कूल टीचर के रूप में गुरुकुल में एंट्री लेते हैं।

चक दे इंडिया (2007)

'चक दे इंडिया' फिल्म में शाहरुख खान महिला हॉकी टीम के कोच की भूमिका में हैं। इस किरदार में शाहरुख खान अलग ही अवतार में नजर आए थे। शाहरुख को अपने देश के लिए मैच जीतने के लिए महिला टीम को ट्रेनिंग करने के लिए कड़ी मेहनत करने वाले मास्टर की भूमिका निभाते हुए देखकर दर्शकों का दिल खुशी से झूम उठा। शाहरुख की यह फिल्म उनके शानदार फिल्मों में से एक माना जाता है।

तारे जमीन पर (2007)

फिल्म 'तारे जमीन पर' में मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान की शिक्षक की भूमिका कौन भूल सकता है। फिल्म में डिस्लेक्सिया की समस्या को बताया गया है कि कैसे इससे पीड़ित बच्चे को लाइफ काफी चैलेंजिग हो जाता है। आमिर ने इस फिल्म में एक पेंटिंग टीचर की भूमिका निभाई है जो यह पता लगाने वाला पहला बच्चा है (दर्शील सफारी) डिस्लेक्सिक है और उसकी विकलांगता को दूर करने में उसकी मदद करता है।

करण बड़े पर्दे पर लाएंगे राधा-कृष्ण की कहानी



मुंबई। फैमिली ड्रामा और क्लासिक रोमांस जैसी फिल्म बनाने वाले करण जौहर अब एक डिवोशनल लव स्टोरी बड़े पर्दे पर ला सकते हैं। इस फिल्म में राधा और कृष्ण की लव स्टोरी को करण जौहर दर्शकों तक पहुंचा सकते है। धर्मा प्रोडक्शन्स की इस फिल्म को डायरेक्टर सचिन रवि डायरेक्ट कर सकते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म का टाइटल फिलहाल के लिए राधा कृष्ण है, और ये फिल्म भी डेवलेपमेंट के एडवांस स्टेज में है। फिल्ममेकर सचिन रवि को फिल्म को डायरेक्ट और लिखने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हालांकि, फिल्म की कास्ट को लेकर अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। फिल्म से जुड़े सूत्रों ने मीडिया पोर्टल को बताया, 'करण जौहर लंबे वक्त से राधा-कृष्ण पर फिल्म बनाना चाहते थे।

कोई बना छात्र का दोस्त तो किसी ने पढ़ाया इंसानियत का पाठ

फिल्मों में शिक्षक का किरदार निभाकर मशहूर हुए ये सितारे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

फिल्मों में बॉलीवुड सितारे अपनी दमदार अदाकारी और अलग अलग किरदारों से दर्शकों के दिल में अपनी खास जगह बनाते हैं। एक्शन, कॉमेडी से लेकर नेगेटिव किरदार तक वे इस खूबसूरती के साथ निभाते हैं कि फैंस उनके दीवाने हो जाते हैं। इसी तरह सितारों ने पर्दे पर शिक्षकों का भी किरदार बखूबी निभाया है। किसी ने शिक्षक बन जिंदगी का सबक सिखाया तो कोई टीचर के रूप में अपने स्टूडेंट का सबसे अच्छा दोस्त बना। चलिए शिक्षक दिवस के मौके पर जानते हैं उन सितारों के बारे में जो पर्दे पर शिक्षक का किरदार निभाकर मशहूर हुए।

सुष्मिता सेन

सुष्मिता सेन भी इस लिस्ट में शामिल हैं। सुष्मिता ने फिल्म 'मैं हूं ना' में टीचर का किरदार निभाया था, जिसमें वह रोमांटिक किरदार में नजर आई थीं। शाहरुख खान सुष्मिता के छात्र बने थे। दोनों के बीच की केमिस्ट्री में फैंस का दिल जीत लिया था।

ऋतिक रोशन

साल 2019 में आई फिल्म 'सुपर 30' पटना के गणितज्ञ आनंद कुमार पर आधारित है। इस फिल्म में ऋतिक रोशन ने आनंद कुमार का किरदार अदा किया था। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे एक शिक्षक होनहार गरीब बच्चों को इंजीनियर बनाने के लिए हर संभव मेहनत करता है और कामयाब भी हो जाता है।



अमिताभ बच्चन

अमिताभ बच्चन और रानी मुखर्जी की 2005 में फिल्म 'ब्लैक' आई थी, जिसमें अमिताभ बच्चन ने टीचर का रोल निभाया था। फिल्म में रानी मुखर्जी ने एक अंधी और बहरी लड़की का किरदार निभाया था। अमिताभ फिल्म में अंधी और बहरी लड़की यानी की रानी मुखर्जी को बोलना सिखाते हैं। इसके अलावा अमिताभ बच्चन फिल्म आरक्षण में भी अध्यापक का किरदार निभा चुके हैं, जिसमें वह गरीब बच्चों को फ्री में पढ़ाते हैं।

रानी मुखर्जी

बॉलीवुड के मशहूर और खूबसूरत अभिनेत्री रानी मुखर्जी अपने हर किरदार में फैंस के दिलों पर छा जाती हैं। साल 2018 में आई फिल्म 'हिचकी' में रानी मुखर्जी टीचर की भूमिका में नजर आई थीं। इस फिल्म की कहानी और रानी मुखर्जी का किरदार सभी दर्शकों को खूब पसंद आया। रानी अपनी काबिलियत से पिछड़े हुए बच्चों के अंदर पढ़ाई करके की उम्मीद जगाती हैं और उनके भविष्य को सुधारने का काम करती हैं।

आमिर खान

आमिर खान की साल 2007 में आई फिल्म 'तारे जमीन पर' काफी पसंद की गई। इस फिल्म में आमिर खान ने टीचर का किरदार निभाया था। इस फिल्म में आमिर के किरदार का नाम राम शंकर निकुम्भ था। वह एक ऐसे शिक्षक के रोल में नजर आए, जो बच्चे की प्रतिभा को पहचान कर उसे निखारते हैं।

बोमन ईरानी

फिल्मों में शिक्षकों का किरदार निभाने वाले कलाकारों की लिस्ट में अभिनेता बोमन ईरानी भी शामिल हैं। बोमन ईरानी दो फिल्मों में टीचर का किरदार निभा चुके हैं। पहली बार संजय दत्त की सुपरहिट फिल्म 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' में उन्होंने मेडिकल कॉलेज के डीन का किरदार निभाया था। इसके बाद वह आमिर खान की फिल्म 'थ्री इडियट्स' में प्रोफेसर के रोल में नजर आए थे, जिन्हें सब वायरस कहते थे। उनका यह किरदार यादगार बन गया।

शबाना आजमी

साल 2016 में आई फिल्म 'चॉक एन डस्टर' में शबाना आजमी ने मैथ्स की सीनियर टीचर विद्या सावंत की भूमिका निभाई थी। उन्हें यह कहकर स्कूल से निकाल दिया जाता है कि उनका पढ़ाने का ढंग पुराना हो चुका है, जो आज के एजुकेशन सिस्टम में फिट नहीं बैठता। फिल्म में शबाना आजमी के संघर्ष को बखूबी दिखाया है।



आरबीआई ने नीलामी के जरिए 6.02 लाख करोड़ रुपए वापस लिए



मुंबई। बैंकों में अधिशेष नकदी के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर बने रहने के कारण भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को दो परिवर्तनीय दर रिवर्स रेपो (वीआरआरआर) नीलामियों के जरिये 6.02 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि वापस ली। केंद्रीय बैंक को तीन दिवसीय वीआरआरआर नीलामी में सात लाख करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि के मुकाबले 5,41,975 करोड़ रुपये की बोलियां मिलीं और उसने उन्हें स्वीकार कर लिया। यह नीलामी 5.24 प्रतिशत की 'कट ऑफ' दर (ब्याज) पर आयोजित की गई थी।

विमल वाटिका एवं वी स्क्वायर में 50% छूट के अंतिम दो दिन

रायपुर। पंडरी कपड़ा मार्केट स्थित विमल वाटिका एवं अंबुजा मॉल के पास स्थित नए वी स्क्वायर शोरूम में ब्रांडेड परिधानों पर सीधे 50 प्रतिशत छूट का ऑफर अब अंतिम दो दिनों के लिए उपलब्ध है। यह विशेष छूट रविवार तक दी जाएगी।

शोरूम में रेमंड, रीड एंड टेलर, ब्लैकबेरी, लेवाइस, यूएस पोलो, जैक एंड जोन्स, डब्ल्यू, स्पाइकर, लिनन क्लब, अरविंद, किलर, एरो, कलर प्लस और पार्क एवेन्यू सहित कई प्रमुख ब्रांड्स के सूटिंग-शर्टिंग, एथनिक वियर, इंडो-वेस्टर्न, साड़ी, लेडीज वियर एवं किड्स वियर पर आकर्षक छूट दी जा रही है। महेश चौधरी ने बताया कि अगस्त माह के वार्षिक स्टॉक क्लीयरेंस के तहत दी जा रही इस वास्तविक छूट को ग्राहकों से अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। ब्रांडेड फैब्रिक, प्रीमियम सूट लेंथ, रेडीमेड सूट, शेरवानी और ब्लेजर



पर भी 50 प्रतिशत तक की छूट उपलब्ध है। ग्राहकों के लिए अल्ट्रेशन एवं स्टिचिंग की सुविधा भी उपलब्ध है। आगामी शादी-विवाह और दीपावली को देखते हुए नया कलेक्शन भी स्टोर में आ गया है।

तीजा-नुआखाई पर सुमीत बाजार में साड़ी उत्सव

रायपुर। तीजा-नुआखाई पर्व के अवसर पर सुमीत बाजार में विशेष साड़ी उत्सव आयोजित किया गया है। सीमित समय के लिए चल रहे इस उत्सव में ग्राहकों के लिए खरीदारी पर आकर्षक ऑफर उपलब्ध हैं। 1999 रुपए की साड़ी खरीदने पर ट्रॉली बैग दिया जा रहा है। वहीं संपूर्ण पारिवारिक वस्त्रों की खरीदारी पर ब्रांडेड आइटम मात्र 80 रुपए में उपलब्ध है। 3999 रुपए की खरीदारी पर डफल बैग, 6999 रुपए पर कंफर्टर, 11999 रुपए की खरीदारी पर सूटकेस और 15999 रुपए की खरीदारी पर आकर्षक सूटकेस का ऑफर रखा गया है।

साड़ी उत्सव में डिजिटल लिनन, डोला सिल्क, विशाल, मीना वर्क, साटन सिल्क विद रेडीमेड ब्लाउज, 5डी प्रिंटेड, अनारकली और ब्रांडेड लक्ष्मीपति साड़ियों की विस्तृत रेंज उपलब्ध है। किफायती कीमतों और लेटेस्ट डिजाइन के कारण यह कलेक्शन महिलाओं के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। प्रबंधन के



अनुसार ग्राहकों को बेहतर गुणवत्ता के साथ ट्रेंडिंग फैशन किफायती दामों में उपलब्ध कराना उद्देश्य है। यहां गृह उपयोगी वस्तुएं, सजावटी सामान और फर्निशिंग आइटम्स भी उपलब्ध हैं, जिससे सुमीत बाजार कंप्लीट फैमिली शॉपिंग डेस्टिनेशन बन गया है।

शेयर बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 363 अंक चढ़ा

मुंबई। वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच धातु, निजी बैंक और तेल एवं गैस कंपनियों के शेयरों में खरीदारी आने से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार चार दिन की गिरावट से उबरकर तेजी के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 363 अंक चढ़ा जबकि निफ्टी में बढ़त सीमित रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 362.57 अंक बढ़कर 76,515.43 अंक पर बंद हुआ। इसके 20 शेयर लाभ में, जबकि 10 नुकसान में रहे। सेंसेक्स 730.28 अंक तक चढ़कर 76,883.14 अंक के ऊपरी स्तर पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 24.25 अंक बढ़कर 23,897.70 अंक पर बंद हुआ। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की तत्काल ब्याज दर बढ़ाने की आशंका कम होने से भारतीय शेयर बाजार में राहत भरी तेजी आई।

कार्यालय, नगर पंचायत किरोड़ीमलनगर, रायगढ़ (छत्तीसगढ़)

क्र. 449 / लो.नि.वि./न.प. / 2026 किरोड़ीमलनगर दिनांक 03/09/2026

:: ई-प्रोक्योरमेंट तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना ::

नगर पंचायत किरोड़ीमलनगर में प्रसंस्करण संयंत्र की स्थापना एवं उन्नयन कार्य हेतु लोक निर्माण विभागो में पंजीकृत ''डी'' श्रेणी व उससे उपर के क्लास के ठेकेदार हो, उनसे निविदा प्रपत्र ''अ'' एवं PWD Building SOR 01.01.2015, PWD Road SOR 01.01,2025, Electrical/PHE SOR 01.06.2020 And Non SOR में निम्नानुसार ऑनलाईन (Online) ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सिस्टम निविदा क्रमांक	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	198839	प्रसंस्करण संयंत्र की स्थापना एवं उन्नयन कार्य।	47.03 लाख	15/09/2026

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेबपोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, एवं निकाय के स्थापना शाखा/लोक निर्माण में कार्यालयीन दिवस में देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत किरोड़ीमलनगर,

Home First Finance Company India Limited

CIN: L65990MH2010PLC240703, Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

धारा 13 (2) के तहत मांग सूचना

आप, निम्नलिखित ऋणधारक, ने अनुसूची में उल्लिखित संपत्ति को गिरवी रखकर ऋण लिया है और आप ही ने ऋण समझौते के लिए ऋणधारक/सह-ऋणधारक/जमानतदार के रूप में कार्य किया है। आपके द्वारा किए गए चूक के परिणामस्वरूप, प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय परिसंपत्तियों का पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (संक्षेप में सरफेसी अधिनियम) के प्रावधानों के तहत 03-09-2026 को आपके ऋण खाते को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। हम, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड, ने सरफेसी अधिनियम की धारा 13(2) के साथ धारा 13(13) के तहत आपके द्वारा दिए गए पते पर मांग नोटिस जारी किया है। उक्त नोटिस 03-09-2026 को जारी किए गए हैं और इनमें कहा गया है कि आपने आपको स्वीकृत विभिन्न ऋणों के भुगतान में चूक की है। अत:, वर्तमान प्रकाशन एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 (2) के प्रावधान के अनुसार और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के प्रावधान के अनुसार नोटिस देने के लिए किया गया है:

क्र. सं.	खाताधारक का नाम और पता, ऋणधारक(ओं) और जमानतदार(ओं)	लागू की जाने वाली सुरक्षा का विवरण	मांग नोटिस की तिथि तक कुल बकाया राशि, ब्याज और अन्य व्यय सहित (रुपये में)
1.	धर्मात्मा गोस्वामी, पार्वती गोस्वामी,	मकान-प्लॉट नंबर एलआईजी-34, ब्लॉक/बिल्डिंग नंबर - प.ह.नं. 02, धर्मात्मा रीसेल, लीज़ होल्ड रिहायशी मकान (प्लॉट नंबर एलआईजी-34), क्षेत्रफल - 83.62 वर्ग मीटर या 899.75 वर्ग फ़ीट। संपत्ति स्थिति- छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, मौजा धनसुली, प.ह.नं. 02, आर.आई.सी. चंद्रखुरी, तहसील मंदिर हसौद, ज़िला रायपुर (छ.ग.), रायपुर, छत्तीसगढ़-492001। चौहद्दी: पूर्व-एलआईजी-35, पश्चिम-सड़क, उत्तर-सड़क, दक्षिण-एलआईजी-32	1,216,710
2.	परदेशी राम धुर्वे, सुग्रान बाई धुर्वे	प्लॉट-प.ह. नं. 2, ब्लॉक/बिल्डिंग नंबर - केएच 46/4, ब्लॉक/बिल्डिंग का नाम-दुर्ग, परदेशी पी+सी, पुराना खसरा नंबर- 46/1, नया खसरा नंबर- 46/4, दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001। चौहद्दी: पूर्व-विक्रेता का शेष प्लॉट, पश्चिम-सीमा ठाकुर का प्लॉट, उत्तर-राजपूत जी का प्लॉट, दक्षिण-24 फ़ीट सड़क।	2,109,955
3.	शामिनी पिल्लई	फ़्लैट-प.ह.नंबर 51, ब्लॉक/बिल्डिंग नंबर - फ़्लैट नंबर एमआईजी-604, ब्लॉक/बिल्डिंग का नाम-प.ह.नं. 51, आर.आई.सी. रायपुर 3-कोटा, तहसील व ज़िला रायपुर,- शामिनी लैप, फ़्लैट नंबर एमआईजी-604 (2बीएचके) छठवीं मंज़िल, ब्लॉक नंबर 06 क्षेत्रफल 835 वर्ग फ़ीट। यह संपत्ति खसरा नंबर 35/4, 35/5 के भाग में आती है और छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, मौजा कोटा 1+2, कबीर नगर, चित्रकूट परिसर, प.ह.नं. 51, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 में स्थित है। चौहद्दी: पूर्व-फ्लैट नंबर 601, पश्चिम-मौजूदा नहर/सड़क, उत्तर-फ्लैट नंबर 603, दक्षिण-खुला क्षेत्र।	568,934
4.	विनोद कुमार, माधुरी वर्मा	मकान-प्लॉट प.ह.नं. 46, ब्लॉक/बिल्डिंग ख.नं.1063/22, विनोद पी+सी, खसरा नंबर-1063/20; प.ह.नं.-46; ग्राम-कुरूद, कुरूद बस्ती, कुरूद वार्ड, वार्ड नंबर-16, भिलाई, रा.नि.मं.-दुर्ग, तहसील और जिला-दुर्ग (छ.ग.), भिलाई, छत्तीसगढ़-490023। चौहद्दी: पूर्व-शिव देवांगन का प्लॉट, पश्चिम-अन्य का प्लॉट, उत्तर-मायाराम देवांगन का प्लॉट, दक्षिण-25 फुट चौड़ी सड़क।	1,687,921

आपको इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को ब्याज और लागत सहित उपर्युक्त राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड उक्त अधिनियम के प्रावधानों के तहत ऋणधारकों, बंधककर्ताओं और जमानतदारों की सभी या किसी एक या अधिक सुरक्षित संपत्तियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करेगी, जिसमें उनकी सुरक्षित संपत्तियों पर कब्जा करना भी शामिल है। उक्त अधिनियम के तहत होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को प्राप्त शक्तियों में शामिल हैं: (1) ऋणधारकों/जमानतदारों की सुरक्षित संपत्तियों पर कब्जा करने की शक्ति, जिसमें सुरक्षित संपत्तियों को मुक्त करने के लिए पट्टे, आवंटन या बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण का अधिकार शामिल है; (2) सुरक्षित संपत्तियों का प्रबंधन अपने हाथ में लेना, जिसमें पट्टे, आवंटन या बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण का अधिकार शामिल है, और सुरक्षित संपत्तियों को वसूल करना; और होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड द्वारा सुरक्षित संपत्तियों का कोई भी हस्तांतरण, हस्तांतरित सुरक्षित संपत्तियों के सभी अधिकारों और संबंधों में उसी प्रकार निहित होगा जैसे कि हस्तांतरण आपके द्वारा किया गया हो।

उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के प्रावधानों के अनुसार, आपको होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड की पूर्व सहमति के बिना, ऊपर उल्लिखित और होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के पास गिरवी रखी गई किसी भी सुरक्षित संपत्ति को बिक्री, पट्टे या अन्य किसी भी तरीके से (आपके व्यवसाय के सामान्य संचालन के अलावा) हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया जाता है।

स्थान: रायपुर, भिलाई
दिनांक: 05-09-2026

हस्ताक्षरकर्ता: अधिकृत अधिकारी,
होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

रामकृष्ण केयर कैंसर इंस्टीट्यूट में उन्नत रेडिएशन ऑन्कोलॉजी सेवाएं शुरू



रायपुर। रामकृष्ण केयर कैंसर इंस्टीट्यूट ने रायपुर में उन्नत रेडिएशन ऑन्कोलॉजी सेवाओं की शुरुआत की है। संस्थान में अत्याधुनिक तकनीकों के जरिए कैंसर मरीजों को एक ही छत के नीचे व्यापक उपचार सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में इसे महत्वपूर्ण कदम बताया गया है। नव-स्थापित विभाग में अत्याधुनिक लिनियर एक्सीलरेटर (लिनैक) लगाया गया है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार यह सेंट्रल इंडिया का पहला एआई इंटेलिजेंस से लैस लिनैक है। इसके माध्यम से आईजीआरटी, आईएमआरटी, एसआरएस और एसबीआरटी जैसी प्रिसीजन रेडिएशन तकनीकों से उपचार किया जा सकेगा। संस्थान के मेडिकल एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे ने कहा कि उद्देश्य छत्तीसगढ़ के अधिक से अधिक मरीजों को राज्य के भीतर ही उन्नत और व्यापक कैंसर उपचार उपलब्ध कराना है, ताकि विशेष उपचार के लिए लंबी दूरी की यात्रा की जरूरत कम हो सके।

रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग का नेतृत्व डॉ. गौरव गुप्ता कर रहे हैं, जिन्हें कैंसर उपचार के क्षेत्र में 16 वर्षों से अधिक का अनुभव है। संस्थान में सर्जिकल और मेडिकल ऑन्कोलॉजी के साथ पेट-सीटी, कीमोथेरेपी, बीएमटी सुविधाएं और ट्यूमर बोर्ड भी उपलब्ध हैं।

भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण (AERA)
भारत सरकार/Government of India
तीसरी मंज़िल, उड़ान भवन, सफदरजंग एयरपोर्ट, नई दिल्ली - 110003, फ़ोन: 011-24695044

सार्वजनिक सूचना

श्रीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट (SXR) के लिए चौथे कंट्रोल पीरियड (01.04.2026-31.03.2031) के दौरान एरोनॉटिकल सेवाओं के लिए टैरिफ तय करने पर स्टेकहोल्डर्स के साथ परामर्श बैठक

भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण (AERA) ने 02.09.2026 को कंसल्टेशन पेपर नंबर 04/2026-27 जारी किया है (जो AERA की वेबसाइट www.aera.gov.in पर उपलब्ध है)। यह पेपर श्रीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए पांच साल के चौथे कंट्रोल पीरियड टैरिफ साइकिल (01.04.2026-31.03.2031) के दौरान एरोनॉटिकल सेवाओं के लिए टैरिफ तय करने से संबंधित है।

AERA एक्ट, 2008 की धारा 13(4) के प्रावधानों के अनुसार, कंसल्टेशन पेपर में शामिल प्राधिकरण के विभिन्न टैरिफ प्रस्तावों को स्टेकहोल्डर्स के परामर्श के लिए रखा गया है। इस संबंध में हाइब्रिड मोड (फिजिकल/ऑनलाइन) में स्टेकहोल्डर्स के साथ परामर्श बैठक **17 सितंबर, 2026 (गुरुवार) को दोपहर 3:00 बजे** निम्नलिखित स्थान पर आयोजित की जाएगी:

स्टेकहोल्डर्स रूम, तीसरी मंज़िल, उड़ान भवन, सफदरजंग एयरपोर्ट, नई दिल्ली-110003

सभी स्टेकहोल्डर्स जैसे यात्री/यात्री संघ, आम जनता, एयरपोर्ट ऑपरेटर, एयरलाइंस, इंडस्ट्री एसोसिएशन/संस्थाएं, कार्गो, ग्राउंड हैंडलिंग, फ्यूल फार्म आदि के लिए स्वतंत्र सेवा प्रदाताओं से अनुरोध है कि वे उक्त बैठक में शामिल हों और श्रीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टैरिफ प्रस्ताव पर उपरोक्त कंसल्टेशन पेपर पर अपने बहुमूल्य सुझाव/टिप्पणियां/विचार दें। जो लोग मीटिंग में व्यक्तिगत रूप से शामिल होना चाहते हैं, वे मीटिंग की तय तारीख से पहले अपना कन्फर्मेशन (नाम, ईमेल पता, मोबाइल नंबर और गाड़ी का नंबर) ईमेल (director-ps@aera.gov.in, dirps-2@aera.gov.in, satish.kr@aera.gov.in पर) के ज़रिए AERA को भेज सकते हैं। स्टेकहोल्डर्स की मीटिंग के लिए ऑनलाइन लिंक AERA की वेबसाइट (https://aera.gov.in) पर ''News and Announcements'' टैब के तहत शेयर किया जाएगा।

सही/-
CBC 03112/12/0013/2627 सचिव, AERA

विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 740.80 अरब डॉलर पहुंचा

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 28 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 11.47 अरब डॉलर उछलकर 740.80 अरब डॉलर के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। इसके एक सप्ताह पहले भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 12.42 अरब डॉलर बढ़कर 729.39 अरब डॉलर रहा था जो अपने-आप में एक रिकॉर्ड था। इससे पहले 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 728.49 अरब डॉलर के तत्कालीन सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचा था। लेकिन उसके बाद पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने और बढ़े तनाव के बीच कई सप्ताह तक इसमें गिरावट आई।

रेंटोमोजो ने आईपीओ का मूल्य दायरा किया तय

नई दिल्ली। घरेलू फर्नीचर और उपकरण किराये पर देने वाली कंपनी रेंटोमोजो लिमिटेड ने अपने 1256 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) का मूल्य दायरा 384-404 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि आईपीओ बोली के लिए नौ सितंबर को खुलेगा और 11 सितंबर को बंद होगा। एंकर (बड़े) निवेशक आठ सितंबर को शेयर के लिए बोली लगा सकेंगे। सार्वजनिक घोषणा के अनुसार, आईपीओ 150 करोड़ रुपये तक के नए शेयर और 2.36 करोड़ शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का मिश्रण होगा, जिसकी कीमत मूल्य दायरे के ऊपरी स्तर पर 1106 करोड़ रुपये बैठती है।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

आवश्यकता

आवश्यकता है- एडवरटाइजिंग एजेंसी में शोशल मीडिया में मोबाइल से रील बनाने हेतु 10 पास लड़के/लड़कियों की आवश्यकता हैं,स्वयं का वाहन आवश्यक (पचपेड़ी नाका के आस पास वाले को प्राथमिकता) **मोबाइल 9827146567.** (आरे-269)

ड्रायवर/ऑफिस बॉय

आवश्यकता है- रायपुर शंकरनगर ऑफिस में - (1)कार चलाने हेतु अनुभवी , कुशल ड्राईवर (2)ऑफिस बॉय/गर्ल की आवश्यकता है जो ऑफिस की साफ-सफाई व अन्य कार्यों में सहायता करें। बायोडाटा सहित **संपर्क करें:-** 9993011757 / 9893132000.(आरे-420)

हाऊस कीपिंग

आवश्यकता है- हाउस कीपिंग – पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने हेतु), ऑफिस बॉय – **केवल रायपुर लोकल उम्मीदवार एवं कंसल्टेंसी वाले संपर्क करें :- मो.6232022676.** (आरे-309)

दुकान कार्य

आवश्यकता है- थोक दवाई दुकान मै लड़को/लड़की (फ्रेशर/अनुभवी) की जरूरत है वेतन योग्यता अनुसार: ***आशीष शुभम् मेडिकोज 41 छत्तीसगढ़ दवा बाज़ार राजबंधा मैदान रायपुर 8103981038.**(आरे-271)

क्लासीफाईड

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु 10- 12 लड़के/लड़कियों लड़कियों की आवश्यकता है. वेतन योग्यतानुसार **संपर्क करें- लाइट एन लाइट, जवाहर नगर चौक, एमजी रोड, रायपुर** (आरे-16581)

सिक्योरिटीगार्ड

आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड-8, स्थान आरंग टोल, वेतन 8 घंटे -13000, 12 घंटे - 15000, ई.पी. एफ, मेडिकल परिवार सहित **संपर्क मो - 7869284963, 0788-3556724, 9329280863.** (आरे -329)

आवश्यकता

आवश्यकता है- अधिवक्ता कार्यालय में कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़की की आवश्यकता है। प्रदीप तिवारी (अधिवक्ता) **पता- सी-1, श्याम सुंदर भवन, ऑक्सीजोन गार्डन के पीछे, रवि नगर, रायपुर छत्तीसगढ़ मो- 9424206480, 6263390736.**(आरे-842)

ड्रायवर/फिटर/मिस्त्री

आवश्यकता है- राधा होम फर्नीचर दुर्ग मे कार ड्राइवर /फिटर /बढ़ाई /मिस्त्री /सफाई कर्मचारी, गोदाम कर्मचारी की आवश्यकता है महिला /पुरुष दोनों आवेदन कर सकते है अच्छी सेलरी संपर्क 10.30 से 12.30 बजे तक **सोंध काम्प्लेक्स नागपुर बाईपास पुल धमधा रोड मो 9098083132.**(आरे-330)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

टीचर

